

ओम बिरला और राज्यसभा उपाध्यक्ष हरिवंश नारायण सिंह व सुब्रह्मण्यम स्वामी ने लोकसभा अध्यक्ष संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में एम.ए.अय्यंगार पूर्व लोकसभा अध्यक्ष उनकी जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 35 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## कैट की व्यापारियों को पेटीएम की बजाय अन्य पेमेंट ऐप के उपयोग की सलाह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कारोबारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने व्यापारियों को अपने कारोबार से संबंधित लेन-देन के लिए पेटीएम की बजाय अन्य ऐप पर शिफ्ट होने की सलाह दी है। कैट ने पेटीएम वॉलेट और पेटीएम पेमेंट बैंक परिचालन पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अंकुश के बाद यह सलाह दी है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने रविवार को एक बयान में कहा कि रिजर्व बैंक द्वारा हाल में पेटीएम पर लगाये अंकुशों को लेकर देशभर में व्यापारियों को अपने पैसे की सुरक्षा के लिए अन्य मंचों का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में बड़ी संख्या में छोटे व्यापारी, विक्रेता, हॉकर्स और महिलाएं पेटीएम के जरिए लेन-देन कर रहे हैं।
आरबीआई के इस पर प्रतिबंध लगाने से इन लोगों को वित्तीय अशांति हो सकती है। रिजर्व बैंक का पेटीएम पेमेंट बैंक पर 29 फरवरी के बाद अंकुश लगाने के प्रमुख कारण में से एक बिना सही पहचान के बनाए गए करोड़ों अकाउंट थे। दरअसल इन अकाउंट्स के तहत केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई थी। इतना ही नहीं इसमें बिना पहचान के करोड़ों रुपये का लेन-देन भी किया था, जिससे मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका पैदा हुई है। कैट महामंत्री ने व्यापारियों के लिए अपने धन जोखिम को कम करने के लिए सलाह देते हुए कहा कि वो पेटीएम से अपना पैसा निकालने के साथ अन्य पेमेंट ऐप पर शिफ्ट कर जाएं। खंडेलवाल ने व्यापारियों के लेन-देन की सुरक्षा के साथ वित्तीय संपत्ति की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पेटीएम उपयोगकताओं को सीधे यूपीआई के जरिए लेन-देन की सलाह दी है।
अनेक बैंकों के पेमेंट ऐप का भी उपयोग किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बैंक ने विजय शर्मा की अगुवाई वाली देशभर में लोकप्रिय वॉलेट पेटीएम और उसकी बैंकिंग इकाई के बीच सैकड़ों करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन और मनी लांड्रिंग की चिंता के कारण अंकुश लगाया है। दअरसल रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को और जमा लेने सहित अधिकांश गतिविधियों को फिलहाल रोकने के साथ 29 फरवरी के बाद नए ग्राहक बनाने पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

### आदर्श विचार



"आत्मा न तो जन्म लेती है, और न ही मरती है आत्मा अमर है।"
भागवद् गीता

### मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाये।"
`स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




## असम को पीएम मोदी ने दी सौगात

= 'पिछली सरकारों ने विरासत पर शर्मिंदा होने का ट्रेंड बना लिया था, कभी नहीं समझा आस्था के केंद्रों का महत्व'

**विकास कार्य**

8 पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने यहां विकास पर होने वाले खर्च को 4 गुना बढ़ाया है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विकास** और विरासत को अपनी सरकार की नीति बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कोई देश अपनी विरासत को भुलाकर विकसित नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने विरासत पर शर्मिंदा होने का ट्रेंड बना लिया था और कभी आस्था के केंद्रों के विकास का महत्व नहीं समझा प्रधानमंत्री ने रविवार को असम में मां कामाख्या दिव्य परियोजना सहित 11 हजार करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि दिव्य परियोजना के पूरा होने पर यहां भी राम मंदिर जैसा महौल बन जाएगा। इस तरह की परियोजना से गरीब से गरीब को भी कमाने के अवसर प्राप्त होते हैं। आज असम विकास और विरासत की नीति से हो रहे बदलाव का साक्षी बन रहा है। प्रधानमंत्री ने मां कामाख्या दिव्य परियोजना (मां कामाख्या एक्सेस कॉरिडोर) की आधारशीला भी रखी। इसे पूर्वोत्तर क्षेत्र योजना के लिए प्रधानमंत्री के विकास पहल के तहत मंजूरी दी गई है। यह परियोजना कामाख्या मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लहमारे तीर्थ, हमारे मंदिर, हमारी आस्था के स्थान, ये सिर्फ दर्शन करने की स्थली ही नहीं हैं। ये हजारों वर्षों की हमारी सभ्यता की यात्रा की अमिट निशानियां हैं। भारत ने हर संकट का सामना करते हुए कैसे खुद को अटल रखा, ये उसकी साक्षी हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बजट में घोषित रूफटॉप सोलर परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सरकार बिजली बिल शून्य करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। पिछले 10 वर्षों में हमने हर घर में बिजली पहुंचाने का अभियान चलाया। अब रूफटॉप सोलर योजना के तहत सरकार एक करोड़ परिवारों को छत पर सोलर पैनल लगाने में मदद करेगी। देश के विकास में पूर्वोत्तर की बड़ी भूमिका को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केन्द्र सरकार के प्रयासों से यहां शांति का माहौल बना है। सीमा से जुड़े मसले सुलझाये गए हैं, स्थायी शांति स्थापित हुई है, 10 बड़े शांति समझौते हुए हैं और बड़ी संख्या में युवाओं ने हिंसा का रास्ता छोड़ा है।

पिछले 10 वर्षों में ही हमने 6,000 किमी के नए नेशनल हाई-वे बनाए हैं। पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने यहां विकास पर होने वाले खर्च को 4 गुना बढ़ाया है। 2014 के बाद रेलवे ट्रैक की लंबाई 1900 किमी से ज्यादा बढ़ाई गई। 2014 से पहले की तुलना में रेल बजट करीब 400 प्रतिशत बढ़ाया गया है।

**'ड'बल इंजन सरकार हर लाभार्थी तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध'**

**भाजपा** की डबल इंजन सरकार हर लाभार्थी तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य प्रत्येक नागरिक के जीवन को आरामदायक बनाना है। यह फोकस हमारे बजट में स्पष्ट है। बजट में सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर पर 11 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री 3400 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई सड़क उन्नयन परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।उप-क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग (एसएएसईसी) कॉरिडोर कनेक्टिविटी के हिस्से के रूप में उन्नत किया जाएगा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को असम की रैली में जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

## ये कहते हैं बीजेपी में आ जाओ हम छोड़ देंगे: केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को चार नए स्कूलों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर हमला बोला। दिल्ली सीएम ने कहा कि जब हम स्कूलों, मोहल्ला क्लीनिकों और अस्पतालों का उद्घाटन करने जाते हैं, तो अन्य दलों के लोग हमारे खिलाफ नारे लगाने के लिए वहां पहुंच जाते हैं। आज एक शुभ दिन है क्योंकि चार स्कूलों का उद्घाटन किया जा रहा है। आज तो कम से कम ये गंदी राजनीति ना करो। केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा, 'वे हमें यह कहते हुए भाजपा में शामिल हो जाओ, हम छोड़ देंगे। मैंने कहा कि मैं भाजपा में शामिल नहीं होऊंगा। हम कुछ भी गलत नहीं कर रहे हैं।'

**बीजेपी निशाने पर**

8 मैंने कहा कि मैं भाजपा में शामिल नहीं होऊंगा। हम कुछ भी गलत नहीं कर रहे हैं

## भुजबल जिस भी पार्टी में रहे, उसे नुकसान पहुंचाया : जरांगे

**मुंबई:** मराठा सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने छगन भुजबल पर आरोप लगाया है कि वे मराठा आरक्षण को लेकर जो बयानबाजी कर रहे हैं, उससे डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार को नुकसान पहुंचा रहे हैं। छगन भुजबल ने आरोप लगाया है कि सरकार मराठाओं को आरक्षण देने के लिए ओबीसी आरक्षण में पिछले दरवाजे से एंट्री करा रही है। भुजबल, अजित पवार की एनसीपी का हिस्सा हैं। भुजबल ने ये भी आरोप लगाया है कि मराठाओं को आरक्षण के लिए जो डाटा इकट्ठा किया गया है, उसमें भी काफी खामियां हैं।

## दूसरा टेस्ट: भारत जीत से 9 विकेट दूर

विशाखापत्तनम टेस्ट : तीसरे दिन का खेल खत्म, दूसरी पारी में इंग्लैंड 67 पर एक विकेट

**रोमांचक मोड़**

8 इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 1 विकेट पर 67 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली 29 रन और रेहान अहमद नौ रन बनाकर खेल रहे हैं



**टीम एक्शन इकंडिया/ विशाखापत्तनम**
भारत और इंग्लैंड के बीच विशाखापत्तनम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 1 विकेट पर 67 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली 29 रन और रेहान अहमद नौ रन बनाकर खेल रहे हैं। भारतीय टीम को यह मैच जीतने के लिए नौ विकेट चाहिए। वहीं इंग्लैंड की टीम को मैच जीत के लिए अभी भी 332 रन की जरूरत है। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने तेज शुरूआत की। जैक क्राउली और बेन डकेट ने तेजी से रन बटोरे। रविचंद्रन अश्विन ने बेन डकेट को आउट कर इंग्लैंड को पहला झटका दिया। डकेट ने 28 रन बनाए। इसके बाद तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 1 विकेट पर 67 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली 29 रन और रेहान अहमद 9 रन के साथ क्रिज पर हैं। इससे पहले तीसरे दिन भारतीय टीम की दूसरी पारी 255 रनों पर सिमट गई।

## आरबीआई की एमपीसी बैठक आज से, रेपो दर यथास्थिति रहने की संभावना



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय द्विमासिक समीक्षा बैठक छह फरवरी से शुरू होगी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास बैठक के नतीजे की घोषणा आठ फरवरी करेंगे। अंतरिम बजट 2024 के ठीक बाद होने वाली इस बैठक में भी रेपो दर को यथास्थिति जारी रखने की संभावना है। आर्थिक मामलों के विशेषज्ञों ने रविवार को बताया कि रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में रेपो दर को इस बार भी यथास्थिति पर रखने की संभावना अधिक है। दरअसल, खुदरा मुद्रास्फीति अब भी संतोषजनक दायरे के ऊपरी स्तर के करीब है।

## सुखोई विमानों को आधुनिक बनाने के लिए 60 हजार करोड़ आवंटित

**अगली पीढ़ी**

8 भारत में निर्मित हथियार प्रणाली खरीदने से जीडीपी पर होगा कई गुना असर, चीन-पाक बॉर्डर पर तैनाती होगी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारत सरकार ने वित्त वर्ष 24-25 के बजट में 84 सुखोई लड़ाकू विमानों को आधुनिक बनाने और 12 नए सुखोई खरीदने के लिए अलग से 60 हजार करोड़ रुपये आवंटित करने का फैसला लिया है। बजट का बड़ा हिस्सा देश को घरेलू स्तर पर निर्मित अगली पीढ़ी की हथियार प्रणाली प्रदान करने के लिए घरेलू स्त्रोतों के माध्यम से खरीद के लिए उपयोग किया जाएगा, जिसका जीडीपी पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा। बढ़े हुए बजटीय आवंटन से सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक, विशिष्ट प्रौद्योगिकी वाले घातक हथियारों, लड़ाकू विमानों, जहाजों, मानव रहित हवाई वाहनों, ड्रोन आदि से लैस किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में रक्षा बजट 6,21,540.85 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह कुल केंद्रीय बजट का 13.04 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 24-25 के लिए रक्षा का बजटीय आवंटन वित्त वर्ष 2022-23 के आवंटन से लगभग एक लाख करोड़ (18.35 प्रतिशत) और वित्त वर्ष 23-24 के आवंटन से 4.72 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 24-25 के लिए रक्षा में पूंजीगत व्यय के लिए बजटीय आवंटन 1.72 लाख करोड़ रुपये है जो वित्त वर्ष 22-23 के वास्तविक व्यय से 20.33 प्रतिशत अधिक है और वित्त वर्ष 23-24 के संशोधित आवंटन से 9.40 प्रतिशत अधिक है।

## चम्पाई सरकार को समर्थन देने का विधायक हेंब्रम ने किया ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
फ्लोर टेस्ट से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक लोबिन हेंब्रम की नाराजगी की चल रही खबरों के बीच उन्होंने चम्पाई सोरेन सरकार को समर्थन देने का ऐलान किया है। लोबिन ने रांची स्थित आवासीय परिसर में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने चम्पाई सोरेन सरकार के गठन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस सरकार को मेरा समर्थन रहेगा। लोबिन हेंब्रम के इस एलान से झारखंड विधानसभा में विश्वास मत से पहले चम्पाई सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को बड़ी राहत मिली है। हालांकि, उन्होंने सरकार के सामने कई मुद्दे भी रखे हैं। लोबिन ने कहा कि झारखंड में शराबबंदी होनी चाहिए। गुरुजी सारे मजहब के लोगों को शराब से दूर रहने की नसीहत देते रहे हैं। लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि पेसा एक्ट झारखंडियों का मूल कवच है। इसे भी लागू किया जाना चाहिए।

**मिशन शुरू**

आईएनएस 'करंज' ने कोलंबो के बंदरगाह पर लंगर डाला, जियांग यांग होंग 03 पहुंचा करीब

## भारतीय पनडुब्बी 'करंज' से 250 समुद्री मील दूर चीनी जहाज ने शुरू किया मिशन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
मालदीव की ओर जाने वाले चीनी महासागर अनुसंधान जहाज जियांग यांग होंग 03 ने रविवार से भारत, श्रीलंका और मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्रों के बाहर अपना मिशन शुरू कर दिया है। दिलचस्प बात यह है कि भारतीय पनडुब्बी आईएनएस 'करंज' ने एक दिन पहले ही इस चीनी जहाज से सिर्फ 250 समुद्री मील की दूरी पर कोलंबो के एक बंदरगाह पर लंगर डाला है। भारतीय नौसेना की पनडुब्बी आईएनएस 'करंज' तीन फरवरी को अपनी पहली विदेशी औपचारिक यात्रा पर कोलंबो बंदरगाह पहुंची है। श्रीलंकाई नौसेना ने नौसैनिक परंपराओं के अनुरूप मेहमान पनडुब्बी का स्वागत किया। यह भारतीय पनडुब्बी 67.5 मीटर लंबी है, जिसमें 53 लोगों का दल है। इसकी कमान कमांडर अरुणाभ के पास है। आधिकारिक यात्रा का समापन करते हुए आईएनएस 'करंज' पांच फरवरी को द्वीप से प्रस्थान करेगी। इस बीच इस पनडुब्बी पर श्रीलंका के नौसेना कर्मी एक जागरुकता कार्यक्रम में भाग लेंगे। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त ने कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी का दौरा किया और चालक दल के साथ बातचीत की। श्रीलंका के 100 नौसेना कर्मियों ने भी परिचय ब्रीफिंग के लिए जहाज पर दौरा किया। इस बीच मालदीव और हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भेजे जाने वाले चीनी जासूसी जहाजों पर भारतीय नौसेना की पैनी नजर है। नौसेना ने अरब सागर में विदेशी व्यापारिक जहाजों पर हूती उग्रवादियों के लगातार हमलों के बाद भारत की समुद्री सीमा पर चौकसी बढ़ाई है। मालदीव के राष्ट्रपति मुहम्मद मुइज्जु के चीन दौरे के बाद चीन ने हिंद महासागर क्षेत्र में अपना अनुसंधान जहाज जियांग यांग होंग 03 भेजा है, जो मालदीव की तरफ बढ़ रहा है। इसके 8 फरवरी तक मालदीव की राजधानी माले पहुंचने की उम्मीद है।



**अनुसंधान**

8 भारत, श्रीलंका और मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्रों के बाहर से गुजरा चीनी अनुसंधान जहाज

## अमेरिका ने हूती के ठिकानों पर किया हमला

**हमला**

8 अमेरिका ने सीरिया और इराक में सात स्थानों पर समर्थित मिलिशिया के खिलाफ हमला किया

**टीम एक्शन इंडिया/सना (यमन)**
संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में आतंकवादी संगठन हूती के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले शुरू कर दिए हैं। दोनों देशों ने हूती नियंत्रित यमन में शनिवार को बड़े पैमाने पर सैन्य हमले किए। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन ने उत्तरी यमन में 13 स्थानों पर 36 हूती ठिकानों को निशाना बनाया है। इससे करीब 24 घंटे पहले अमेरिका ने सीरिया और इराक में सात स्थानों पर ईरानी बलों और उनके द्वारा समर्थित मिलिशिया के खिलाफ हमला किया था। अमेरिकी और ब्रिटिश युद्धक विमानों के साथ नौसेना की टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों ने हूती की हथियार भंडारण केंद्रों को निशाना बनाया। यह हमले ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, डेनमार्क, कनाडा, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड की मदद से किए गए।



# पति-पुत्र की मौत के बाद जिंदगी की जंग हारी उजमा, अस्पताल में तोड़ा दम

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-63 क्षेत्र की छिजारसी कॉलोनी में 25 जनवरी की रात गैस गीजर चलाकर सोने से पति-पुत्र की मौत के बाद महिला ने भी दम तोड़ दिया। 26 जनवरी की सुबह महिला को बेहोशी की हालत में कमरे से बाहर निकाला गया था, जबकि उसके पति और पुत्र की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजन को सौंप दिया है।



**सिलाई का काम करते थे शम्मू:** जिला पीलीभीत की पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां के 35 वर्षीय शम्मू किराए का कमरा लेकर रहते थे। वह सेक्टर-63 स्थित एक कंपनी में कपड़े सिलाई का काम करते थे। कमरे में उनके साथ पत्नी उजमा और चार माह का पुत्र मोहम्मद अली भी रहता था। बच्चे को ठंड से बचाने के लिए पिछले दिनों उन्होंने छोटा एलपीजी सिलेंडर खरीदा था। रोजाना रात को उस सिलेंडर पर हीटर लगाकर सो जाते थे।

**25 जनवरी की रात का है मामला :** 25 जनवरी की रात भी तीनों ठंड से बचने के लिए गैस हीटर चालू करके सोए थे। 26 जनवरी की सुबह करीब 11 बजे तक नहीं उठे तो पड़ोसी ने जोर से दरवाजा खटखटाया। फिर भी दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों को चिंता हुई। खिड़की से देखा तो उसमें से गर्म हवा और बदबू आ रही थी।

मोहल्ले के लोगों ने मिलकर दरवाजा तोड़कर देखा तो तीनों बिस्तर पर बेसुध पड़े थे। लोगों ने तीनों को निकट ही एसजेएम अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने शम्मू और मोहम्मद अली को उसी समय मृत घोषित कर दिया था, जबकि उजमा की नाजुक हालत देखते हुए भर्ती कर लिया था। हालत में सुधार न होने पर जिम्स में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उजमा की मौत हो गई। सेंट्रल जोन के एडीसीपी ह्देश कठेरिया ने बताया कि शम्मू और उसके पुत्र मोहम्मद अली की उसी समय मौत हो गई थी। शम्मू की पत्नी उजमा ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजन को सौंप दिया है।

**मौत**

8 बेहोशी की हालत में कमरे से बाहर निकाला गया था, जबकि उसके पति और पुत्र की मौत हो चुकी थी

## अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

**ग्रेटर नोएडा।** जलपुरा गांव में किसान व ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए दादरी तहसील प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। कब्जा करने वालों के खिलाफ प्रशासन जल्द मुकदमा दर्ज कराएगा। दबंगों ने 2.2640 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा किया था। जिसमें से लगभग 0.5500 हेक्टेयर जमीन ग्राम समाज की थी। जिले में जमीनों का दाम आसमान छू रहा है। इसे देखते हुए लोगों के द्वारा जमीनों पर कब्जा कर धड़ल्ले से अवैध कॉलोनी काटी जा रही है। कब्जा करने का खेल अधिकारियों से मिलीभगत कर किया जाता है। जमीन पर प्लाटिंग करने के बाद महंगे दामों पर बेचा जाता है। भोले-भाले लोगों को जाल में फंसाकर कालोनाइजर अपनी जेब भरते हैं।

# ग्रेटर नोएडा की गौर सिटी सोसायटी में आवारा कुत्तों का आतंक

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित गौर सिटी सोसायटी के 14 एवेन्यू में बढ़ते आवारा कुत्तों के आतंक से परेशान लोगों ने बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन कियाहैं। लोगों ने बताया कि आवारा कुत्ते सोसायटी परिसर में दिन भर घूमते रहते है। कुत्तों के डर में कारण बच्चे और बुजुर्ग सोसायटी में ही नहीं निकल पाते है।



**परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन**

कई बार बिल्डर प्रबंधन से इससे निजात दिलाने की मांग की गई,लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। सोसायटी में करीब 10 से 15 आवारा कुत्ते लोगों को अपना शिकार बना रहे है। पशु प्रेमी कहीं भी कुत्तों को खाना खिलाते हैं। पशु प्रेमी से कुछ कहने पर वह एफआईआर की धमकी देने लगते है। जब कुत्ते बच्चों को काट लेते है तो वह बोलते हैं कि उन्होंने कुत्तों को नहीं पाल रखा है। कुत्तों से परेशान लोगों ने करीब दो घंटे प्रदर्शन किया।

बता दें कि शनिवार को दिनभर ग्रेनो वेस्ट के विभिन्न वाट्सएप समूह के साथ सोसायटी के वाट्सएप समूह पर मुद्दा छाया रहा। सोसायटी के लोगों का कहना है कि सोसायटी में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है।

पिछले एक सप्ताह में आवारा कुत्ते कई बच्चों को निशाना बना चुके हैं। पूर्व में कई बार कुत्तों के टीकाकरण व बधियाकरण कराने के साथ सोसायटी परिसर के बाहर कुत्तों के लिए आश्रय स्थल बनाए जाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन इस दिशा में बिल्डर प्रबंधन ने कोई कदम नहीं उठाया है।

# संदिग्ध हालात में बुजुर्ग की मौत, घर में मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद**

टीला मोड़ थाना क्षेत्र की डिफेंस कॉलोनी में रविवार सुबह संदिग्ध हालात में एक 78 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। घर में ही उनका पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारण का पता चलेगा। पुलिस के मुताबिक, पूरण सिंह टीला मोड़ थाना क्षेत्र की डिफेंस कालोनी में एक बेटे और दो बहू के साथ रहते थे।



रविवार को पूरन सिंह का शव कमरे में पड़ा मिला। पुलिस कंट्रोल रूम की सूचना पर सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन और थाना प्रभारी निरीक्षक टीला मोड़ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फारेंसिक टीम को साक्ष्य एकत्र करने के लिए बुलाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस पूछताछ में स्वजन ने बताया कि सुबह चाय पीने नहीं उठे तो उनके कमरे में आकर देखा। वह जमीन पर पड़े हुए थे। शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। नाक और मुंह से खून निकल रहा था।

# छात्रा को अगवा कर किया था दुष्कर्म, चार पकड़े

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद**

वेवसिटी थाना क्षेत्र में छात्रा को अगवा कर दुष्कर्म मामले में पुलिस ने दो आरोपित गिरफ्तार कर जेल भेज दिए हैं। दो आरोपित नाबालिग निकले हैं, उन्हें किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि बुधवार को छात्रा को अगवा करने के बाद एक आरोपित ने छात्रा के साथ कार में ही दुष्कर्म किया था। इसके बाद आरोपित छात्रा को बागपत लेकर गए। शाम करीब साढ़े सात बजे छात्रा को घर के पास छोड़कर आरोपित फरार हो गए। वेव सिटी थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब आठ बजे घर से स्कूल जाने के लिए निकली छात्रा शाम तक वापस नहीं आई। छात्रा के पिता के पास दिन में एक युवक ने फोन कर बताया था कि वह उसका शिक्षक स्कूल से बोल रहा है। स्कूल में काम होने की वजह से छात्रा देरी से आएगी।



छात्रा घर शाम करीब साढ़े सात बजे आई, लेकिन स्वजन उसे देखते हुए खबरा उठे। छात्रा बदहवास हालत में घर पहुंची थे। उसने स्वजन को बताया कि उसे एक परिचित युवक अनुराग स्कूल तक लिफ्ट देने के बहाने बाइक पर बैठाकर रोजा जलालपुर ले गया, जहां उसे एक कार में जबरन बैठा दिया। कार में उसे नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया गया। इसके बाद उसे बागपत ले गए। शाम को छात्रा को घर के पास छोड़ने से पहले घटना के विषय में पिता को बताने पर जाने से मारने की धमकी दी गई। स्वजन ने छात्रा से पूरी बात सुनने के बाद पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने रविवार को अनुराग और आदर्श नामक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

**पेश किया**

8 दो आरोपित नाबालिग निकले हैं, उन्हें किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया

**बालिग और नाबालिग तय होने में चार दिन लगे:** पुलिस ने आरोपित पकड़ लिए, लेकिन चार दिन यही तय करने में लगे कि आरोपितों में कौन बालिग है और कौन नाबालिग है। इसी दौरान पुलिस ने आरोपितों के घटना वाले दिन का पूरा रूट सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिये चेक किया। एक आरोपित एनसीसी में शूटिंग में कई पदक जीत चुका है।

# एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर से टकराई कार, पांच घायल



**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर बम्हेटा के पास सुबह करीब सवा आठ बजे तेज रफ्तार वैगन ऑर कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं। जिनमें से दो की हालत गंभीर है। उन्हें दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक रोडवेज बस को ओवरटेक करने के चक्कर में कार असंतुलित होकर डिवाइडर कूदकर दिल्ली से मेरठ जाने वाली लेन में पहुंच गई। सभी घायल मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं और दिल्ली जा रहे थे। पुलिस का कहना है कि हादसे में समीर और आतिफ की हालत गंभीर है। जबकि आसिफ, खुशहाल और अमजद मामूली रूप से घायल हुए हैं। हादसे में कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# हापुड़ के श्यामपुर गांव का है सतेंद्र, पाक भेज रहा था आर्मी सीक्रेट्स

**टीम एक्शन इंडिया/हापुड़ :** एटीएस मेरठ ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले हापुड़ निवासी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी भारतीय दूतावास मॉस्को, रूस में नियुक्त कर्मचारी है, जो मूल रूप से जनपद हापुड़ के गांव श्यामपुर का निवासी है। एटीएस उत्तर प्रदेश ने जारी प्रेस नोट में कहा है कि गोपनीय स्रोतों से पिछले कुछ दिनों से सूचनाएं प्राप्त हो रही थी कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के हैडलरों द्वारा विदेश मंत्रालय भारत सरकार के कर्मचारियों को बहला फुसलाकर एवं धन का लालच देकर भारतीय सेना से सम्बंधित भारत की सामरिक व गोपनीय सूचनाएं प्राप्त की जा रही थी। एटीएस द्वारा पिछले कुछ दिनों से इलेक्ट्रानिक एवं सर्विलांस के माध्यम से सतेंद्र सिवाल पुत्र जयवीर सिंह निवासी ग्राम शाहमहीउद्दीनपुर उर्फ श्यामपुर, थाना- हापुड़ देहात की निगरानी की जा रही थी। आरोपी वर्तमान में मास्को, रूस स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत है। फिलहाल वह छुट्टी पर घर आया हुआ था। एटीएस के अधिकारियों के अनुसार शनिवार को सतेंद्र को मेरठ कार्यालय पूछताछ के लिए बुलाया गया था। लेकिन पूछताछ में वह संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। उसने देश की खुफिया जानकारी हैंडलर को देने की बात स्वीकार की है। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।



**शिकंजे में**

8 पूछताछ में वह संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। उसने देश की खुफिया जानकारी हैंडलर को देने की बात स्वीकार की है

सतेन्द्र वर्ष-2021 से मास्को, रूस स्थित भारतीय दूतावास में आईबीएसए (इंडिया बेसड सिक्योरिटी असिस्टेंट) के पद पर कार्यरत है। इस मामले में थाना-एटीएस, लखनऊ पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पहचान पत्र व 600 रुपये बरामद किए गए हैं।

# क्रिकेट खेलने को लेकर हुआ विवाद

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा**

क्रिकेट खेलने के दौरान हुए विवाद में तीन आरोपियों ने कैब चालक सुमित 24 की हत्या कर दी। सुमित आरोपियों से जान बचाकर भाग रहा था, इसी दौरान वह नाले में गिर पड़ा। मौके पर पहुंचे आरोपियों ने ईंट से हमला कर सुमित की हत्या कर दी। एडीसीपी हरदेश कठेरिया ने बताया कि मूल रूप से मेरठ के जानी निवासी सुमित ग्रेटर नोएडा वेस्ट के साईं उपवन में परिवार के साथ रहता है। सुमित कैब चलाकर गुजारा करता है। रविवार को सुमित कुछ अन्य लड़कों के साथ क्रिकेट खेलने गया था। क्रिकेट खेलने के दौरान सुमित का दूसरे पक्ष के युवक से विवाद हो गया दोनों पक्षों में मारपीट हुई। बिसरख कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि इस दौरान दूसरे पक्ष के युवक अधिक होने के कारण हावी हो गए। इसके चलते सुमित वहां से जान बचाकर भागने लगा। तभी सामने नाला देखकर सुमित ने छलांग लगाकर नाले को फांदकर उस पार जाने का प्रयास किया। लेकिन इसी प्रयास में वह नाले में गिर गया। इसके बावजूद आरोपियों ने उसे बचाने का प्रयास करने के बजाय ईंट से हमला कर दिया। सिर में ईंट लगने से सुमित की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचकर सुमित के शव को नाले से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**हत्या**

8 क्रिकेट खेलने के दौरान हुए विवाद में तीन आरोपियों ने कैब चालक सुमित 24 की हत्या कर दी

# पति की अनुपस्थिति में ससुर ने किया महिला से दुष्कर्म, केस दर्ज की तो घर से निकाला बाहर

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद।** नंदग्राम थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला का कहना है कि उन्होंने ससुर पर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया हुआ है। ससुराल पक्ष के लोग उनसे केस वापस लेने को बोल रहे हैं। महिला ने मना किया तो उन्हें मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने आरोप लगाया कि उनका पति नशे का आदी है। ससुर ने उनके पति को नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया हुआ है। पति की अनुपस्थिति का लाभ उठाकर ससुर ने कई बार दुष्कर्म किया। जिसके चलते उन्होंने ससुर पर मुकदमा दर्ज करवाया था। कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही है।



**मां और बच्चों को घर से घसीटकर किया बाहर**

उसने बताया कि तीन फरवरी को वह बच्चों के स्कूल गई थीं और घर पर उनकी मां अकेली थीं। इस दौरान दोपहर में महिला का पति, ससुर और सास घर में घुस आए। जब वह मीटिंग से वापस घर पहुंची तो तीनों ने उसके साथ मारपीट की और घसीटकर घर से बाहर निकाल दिया। उन्होंने उनकी मां और बच्चों को भी घर से निकाल दिया।


**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33

संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं जो कि संतोष कुमार तिवारी पुत्र जनार्दन तिवारी निवासी मलघोत्वीरैचा, देवरिया,उत्तर प्रदेश ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र अदिताय कुमार तिवारी मेरे कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है। मैं अपने पुत्र अदिताय कुमार तिवारी को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद अगर कोई भी अदिताय कुमार तिवारी से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# 'भाजपा ने ईडी, सीबीआई को मेरे पीछे छोड़ा'

## 'हम लोग स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक अस्पताल का उद्घाटन करने जाते हैं तो दूसरी पार्टी के लोग हमारी हाय-हाय करने पहुंच जाते हैं'

**साधा निशाना**

**8 हम लोग दिल्ली में स्कूल, अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक आदि बना रहे हैं। लोगों को मुफ्त बिजली पानी दे रहे हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली के किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में चार स्कूलों की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम लोग दिल्ली में स्कूल, अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक आदि बना रहे हैं। लोगों को मुफ्त बिजली पानी दे रहे हैं। इसलिए भाजपा हमारे पीछे पड़ी है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने ईडी, सीबीआई सबको हमारे पीछे छोड़ दिया है, लेकिन हम झुकने या डरने वाले नहीं हैं बस आप लोग अपना आशीर्वाद बनाए रखना। इस दौरान शिक्षा मंत्री आतिशी भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक अस्पताल का उद्घाटन करने जाते हैं तो दूसरी पार्टी के लोग हमारी हाय-हाय करने पहुंच जाते हैं। दिल्ली में एक समय स्कूलों की इतनी बुरी हालत थी कि गरीबों को मजबूरी में सरकारी स्कूल में भेजना पड़ता था। प्राइवेट स्कूल में भेजने की हैसियत नहीं थी। केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज ये लोग हमारे पीछे पड़े हुए हैं। भ्रष्टाचार के आरोप में मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया। आज इन लोगों ने सारी एजेंसियों को संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन के पीछे छोड़ दिया। उनका क्या कुसूर है? सिसोदिया का कुसूर है कि वह अच्छे स्कूल बना रहे थे। सत्येंद्र जैन अच्छे अस्पताल बना रहे थे। इसलिए उन्हें गिरफ्तार किया गया। इन्होंने सारे षड्यंत्र रच लिए लेकिन उन्हें झुका नहीं सके। उन्होंने कहा कि स्कूल, अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक तो बनते रहेंगे, भले ही केजरीवाल को जेल में डाल दो।



## दिल्ली में सरकारी अस्पतालों की बदहाली बढ़ती जा रही, एलजी का सीएम को लेटर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उपराज्यपाल** वीके सक्सेना ने अस्पताल की खराब हालत की बात कहते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के तहत अस्पतालों की दयनीय स्थिति के संबंध में अपनी गहरी निराशा और चिंता व्यक्त करने के लिए लिख रहा हूं। भले ही इसके विपरीत बड़े-बड़े दावे आप और आपके मंत्रियों द्वारा लगातार किए जाते रहे हैं, हाल की मीडिया रिपोर्टों में दिल्ली के सरकारी अस्पतालों की निराशाजनक स्थिति पर दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा की गई तीखी टिप्पणियों को उजागर किया गया है। अस्पतालों की बदहाली और बढ़ती जा रही है।

**सीएम केजरीवाल ने एलजी से की स्वास्थ्य और वित्त सचिव को बदलने की मांग:** दिल्ली के अस्पतालों में खराब व्यवस्था को लेकर एलजी की चिट्ठी पर सीएम केजरीवाल ने भी पत्र लिखकर जवाब दिया है। सीएम केजरीवाल ने एलजी वीके सक्सेना से स्वास्थ्य और वित्त सचिव को बदलने की मांग की है। उनका कहना है कि ये अधिकारी मंत्री के लिखित और मौखिक आदेश को मानने से इनकार कर देते हैं। बता दें, उपराज्यपाल ने अस्पताल की खराब हालत की बात कहते हुए कहा था कि स्वास्थ्य विभाग के तहत अस्पतालों की दयनीय स्थिति के संबंध में अपनी गहरी निराशा और चिंता व्यक्त करने के लिए लिख रहा हूं।

**स्वास्थ्य सचिव को बदलने की कर चुके हैं मांग:** केजरीवाल ने लिखा- आपकी चिट्ठी मिली और इस पर हमने स्वास्थ्य मंत्री से रिपोर्ट मांगी है। हालांकि मैंने आपको इस संबंध में पहले भी लिख चुका हूं कि हेल्थ सेक्रेटरी दीपक कुमार को बदला जाए। वह अपने कार्य में प्रभावशाली नहीं हैं। वह मंत्री की लिखित और मौखिक आदेश को मानने से इनकार करते हैं। अगर वरिष्ठ अधिकारी अपने मंत्री का आदेश मानने से इनकार कर देगा तो एक चुनी हुई सरकार कैसे काम करेगी?

**मंत्री के आदेश की वित्त सचिव करते हैं अवहेलना:** उन्होंने आगे लिखा- इसी तरह वित्त सचिव आशीष वर्मा ने भी दवाईयां, लैब टेस्ट, डॉक्टरों की सैलरी, फरिश्ते स्कीम, डीएके स्कीम आदि की पेमेंट्स रोक रखी है। इस कारण पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। हमने पहले भी चिट्ठी के साथ-साथ व्यक्तिगत बैठक में इन्हें बदलने की मांग की है।

# 'ये वही लोग थे, कांग्रेस के 9 विधायकों को तोड़ा था'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर क्राइम ब्रांच के घर पहुंचने की पूरी कहानी बताई। उन्होंने कहा कि क्राइम ब्रांच का ऑफिसर शनिवार को केजरीवाल के घर पर पहुंचे। उनका कहना था कि वह नोटिस सीधे केजरीवाल के हाथ में देंगे। वही क्राइम ब्रांच के अफसर आज मेरे घर पर पहुंचे। उनका कहना था कि नोटिस सीधे मंत्री जी के हाथ में देंगे। उन्होंने कहा कि हमें उन क्राइम ब्रांच के ऑफिसर पर दया आती है। उन्होंने क्या सोचकर नौकरी ज्वाइन की होगी कि वह महिलाओं की सुरक्षा को लेकर काम करेंगे। देश की सेवा करेंगे, लेकिन उनके राजनीतिक आकाओं ने उन्हें टीवी की प्राइम टाइम का नौटंकी वाला शो बना दिया है।

**नोटिस पर जवाब**

**8 ये वही लोग थे कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश में विधायकों को तोड़ने की कोशिश की**

**आतिशी ने दिया कई राज्यों का उदाहरण:** उन्होंने क्राइम ब्रांच का नोटिस दिखाते हुए कहा कि इसमें न ही कोई धारा है, नही कोई आरोप लगाए हैं। उन्होंने यह कोई नोटिस नहीं बल्कि एक चिट्ठी है। उन्होंने कहा कि इसमें लिखा था कि वह बताएं कि आखिर किसने आपके विधायकों को तोड़ने की कोशिश की। आतिशी ने कहा कि ये वही लोग थे, जो 2016 में कांग्रेस के 9 विधायकों को तोड़ा था।

# सिंघु बॉर्डर पर भीषण सड़क हादसा, कार सवार एक की मौत

**दर्दनाक**

**8 एक कार में सवार तीन युवकों में से एक की मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हो गए**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
**सिंघु बार्डर** पर रविवार की सुबह सड़क हादसे में एक कार में सवार तीन युवकों में से एक की मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सभी वजीरपुर से मुरथल पराठे खाने जा रहे थे। तभी बार्डर पर यह हादसा हुआ है। मौके पर पहुंची अलीपुर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है, जबकि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एमसीडी 100 मलबा संग्रहण केंद्र केरगी स्थापित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली नगर** निगम (एमसीडी) प्रदूषण को कम करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में 100 मलबा संग्रहण केंद्र स्थापित करेगा। एमसीडी ने एक बयान में कहा कि इनमें से 35 पहले से ही विभिन्न क्षेत्रों में चालू हैं, अन्य 49 के लिए स्थानों की पहचान की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में वायु प्रदूषण में निर्माण गतिविधि का बड़ा योगदान है। बयान में कहा गया है, "इस मुद्दे को हल करने के लिए, एमसीडी ने ए-पीएजी और सी एंड डी (निर्माण और विध्वंस) संयंत्र रियायतकताओं के सहयोग से पूरे दिल्ली क्षेत्र में मलबा संग्रहण बिंदु स्थापित किए हैं।" प्रारंभिक चरण में एमसीडी ने पश्चिम क्षेत्र के 10 वार्डों में एक पायलट प्रोजेक्ट चलाया, जिसमें तीन समर्पित संग्रह स्थल



स्थापित किए गए। बयान में कहा गया है कि इस पहल से मलबे की अवैध डंपिंग में 46 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आई। अधिकारियों ने कहा कि इसे विस्तार करते हुए एमसीडी वर्तमान में लगभग 100 संग्रह बिंदु स्थापित करने की प्रक्रिया में है। एमसीडी ने कहा कि निर्माण और विध्वंस कचरे के प्रभावी प्रबंधन के लिए शहर भर में अधिक संग्रह स्थल स्थापित करने की पहल तेजी से आगे बढ़ रही है।

# 'जब तक सूरज-चांद रहेंगे, तब तक दिखता रहेगा प्रभु श्रीराम का चमत्कार...'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**करतार** नगर स्थित चौथे पुश्ते पर आयोजित बाबा बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री की श्री हनुमंत कथा के तीसरे व अंतिम दिन की शुरूआत सत्यम शिवम सुंदरम भजन के साथ हुई। ईश्वर सत्य है, सत्य ही शिव है, शिव ही सुंदर है के उद्घोष से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु मीठी-मीठी तालियों के साथ झूमते नजर आए। करतार नगर के सामने यमुना खादर स्थित मैदान में श्रद्धालुओं को श्री हनुमंत कथा सुनाते बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री।

**'नफरत के नहीं, हम प्रेम के आदी':** पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा



कि जब तक विश्व में सूरज चांद रहेंगे, तब तक प्रभु श्रीराम का चमत्कार दिखता रहेगा। अनंत, बलवंत, परम संत, अंजना नंदन श्री हनुमान के चरणों में सेवा करने से जीवन में कोई कष्ट नहीं रहता है। उन्होंने कहा कि नफरत के नहीं हम प्रेम के आदी हैं, गर्व से कहते हैं कि हम हिंदुत्व वादी हैं।

**श्री हनुमंत कथा**

**8 अनंत बलवंत परम संत अंजना नंदन श्री हनुमान के चरणों में सेवा करने से जीवन में कोई कष्ट नहीं रहता**

**बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु:** उन्होंने भक्तों के सामने अपनी नई पुस्तक सनातन धर्म क्या है भी प्रस्तुत की।

भक्तों से कहा कि धर्म के ज्ञान से व्यक्तित्व में काफी बदलाव आता है। व्यक्ति रिश्तों का महत्व समझता है, दूसरों की गलतियां क्षमा करना सीखता है और भाव भी जानता है।

# मौसम ने बदली करवट, कई इलाकों में झमाझम बारिश



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली सहित एनसीआर में मौसम ने करवट बदली है। पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने के कारण सुबह के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। वहीं रात से ही दिल्ली के कई इलाकों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को चेतावनी दी है कि तेज हवा के साथ बौछारें भी पड़ सकती है। दिन में 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलेगी। सोमवार को भी आकाश में बादल छाए रह सकते हैं। इसके बाद आकाश साफ होगा। तब न्यूनतम तापमान में एक बार फिर तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

**नीचे जा सकता है तापमान:** इससे मंगलवार से सुबह के वक्त फिर ठंड बढ़ सकती है और न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच सकता है। रविवार सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 11.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस वजह से सुबह में ठंड से राहत रही। अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। गौरतलब है कि एक दिन पहले दिल्ली का अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस था।

**गिरेगा पारा**

**8 रविवार सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 11.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया**

# अब आतिशी के घर पहुंची क्राइम ब्रांच की टीम, विधायकों की खरीद-फरोख्त का है मामला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम आदमी पार्टी (आप)** की ओर से बीजेपी पर विधायकों को खरीदने की कोशिश करने के आरोप का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ताजा मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम आज रविवार को दिल्ली सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी के आवास पर पर पहुंची है। क्राइम ब्रांच के पुलिस अधिकारी भाजपा के खिलाफ "आप विधायकों को खरीदने की कोशिश करने" के आम आदमी पार्टी के आरोप के संबंध में नोटिस देने के लिए आतिशी के घर पहुंचे हैं। इससे पहले शनिवार को विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले को लेकर क्राइम ब्रांच की टीम नोटिस देने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची थी।

**तूल पकड़ा**

**8 क्राइम ब्रांच की टीम नोटिस देने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची थी**



**'किस कानून के तहत मुख्यमंत्री को पर्सनली नोटिस रिसीव कराना चाहते हैं'- आप**



**नेता के सवालों का दिल्ली पुलिस नहीं दे पाई जवाब:** दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ ही कैबिनेट मंत्री आतिशी भी दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच का नोटिस स्वयं रिसीव नहीं करेंगी। आतिशी ने अपने कैंप ऑफिस के अधिकारी को नोटिस रिसीव करने के निर्देश दिए हैं।

**क्या है मामला?**
बता दें कि दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच आम आदमी पार्टी के उस आरोप की जांच कर रही है जिसमें आप ने भाजपा पर उनकी सरकार गिराने के लिए 25-25 करोड़ में उनके विधायक खरीदने का प्रयास करने का आरोप लगाया है।

इसी मामले में पुलिस सबूत मांगने के लिए सरकार को नोटिस दे रही है। **जब ईडी सीबीआई तक मेल पर देते हैं समन तो आप क्यों नहीं?'** जैस्मिन ने आगे पूछा, 'ईडी, सीबीआई सबके समन मेल पर आते हैं, रोजाना नोटिस आते हैं लेकिन कोई निजी तौर पर रिसीव करने पर जोर नहीं देता तो आप क्यों पर्सनली रिसीव कराने पर जोर दे रहे हैं?'

इस पर दिल्ली पुलिस के एसीपी पंकज अरोड़ा सिर्फ इतना ही बोल पाए कि हम कानून के तहत काम कर रहे हैं और हम सर से मिलकर कुछ बात करना चाहते हैं।

# कुंवारे लोगों को सोसाइटी खाली करने को कहा, हाईकोर्ट ने पुलिस से मांगा जवाब

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**द्वारका की** एक हाउसिंग सोसाइटी से कुंवारे किरायेदारों को भवन खाली करने के लिए मजबूर करने की कोशिश करने के आरोप लगाने वाली एक याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने पुलिस को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में स्थिति रिपोर्ट पेश करने को कहा। मामले में अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी। याचिका के अनुसार मामला जुलाई 2022 में बैरवा भारती प्रबंध समिति द्वारा जारी एक नोटिस से संबंधित है। नोटिस में द्वारका स्थित हाउसिंग सोसाइटी में कुंवारे किराएदारों और कॉमर्शियल ऑफिस द्वारा भवन परिसर को खाली करने का आह्वान किया गया था। उक्त नोटिस पर संबंधित जिला अदालत ने अगस्त 2022 में रोक लगा दी थी। अदालत को बताया गया कि जिला अदालत के स्थगन आदेश के बावजूद कुंवारे लोगों और कामर्शियल ऑफिस के खिलाफ भेदभाव जारी है। अदालत को सूचित किया गया कि चार जनवरी को प्रबंध समिति के सदस्यों ने सुरक्षा गार्डों के साथ मिलकर कुंवारे किरायेदारों को सोसायटी में घुसने नहीं दिया। उत्तर-पूर्व की एक महिला को भी हिंदी न जानने के कारण परेशान किया जा रहा था। इससे पहले 11 अगस्त 2023 को हाई कोर्ट ने पुलिस को स्थगन आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि किसी भी कुंवारे किरायेदार को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाए।

# केशवपुरम इलाके में एक मकान में सिलेंडर में लगी आग... बुजुर्ग महिला की पुलिस ने बचाई जान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केशवपुरम** थाना क्षेत्र के डी ब्लाक में बीते शनिवार देर रात एक घर में सिलेंडर में आग लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत बिल्डिंग को खाली कराया।

**45 मिनट में पाया आग पर काबू:** वहीं, एक कमरे में फसी बुजुर्ग को पुलिस के जवानों ने लोगों की मदद से बाहर निकाल पास के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बुजुर्ग महिला का इलाज जारी है। पुलिस के आलाधिकारी के मुताबिक बुजुर्ग को कमरे से सुरक्षित निकालते समय तीन पुलिसकर्मी भी मामूली रूप से घायल भी हो गए। सूचना पर पहुंची आठ दमकल की गाड़ियों ने 45 मिनट में आग पर काबू पाया। उत्तरी-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त जितेंद्र कुमार मीना ने बताया कि एक घर में सिलेंडर में आग लगने की सूचना मिलते ही केशवपुरम थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार, हेड कांस्टेबल अनीश कुमार, नरेंद्र कुमार और अमित कुमार मौके पर पहुंचते ही इमारत को तुरंत खाली कराया।

**कोई हताहत नहीं**

**8 शनिवार देर रात एक घर में सिलेंडर में आग लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत बिल्डिंग को खाली कराया**

**तीसरी मंजिल पर लगी थी आग:** वहीं, तीसरी मंजिल पर एक कमरे में फंसी एक 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला सरोज महाजन को यहां से सुरक्षित निकाल दीपचंद बंधु अस्पताल में भर्ती कराया।

कुछ देर बाद करीब 12 पुलिस के जवान के साथ केशवपुरम एसएचओ भी मौके पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड और बिजली कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। बचाव के दौरान हेड कांस्टेबल अनीश कुमार,नरेंद्र कुमार और अमित को मामूली चोट आई। बुजुर्ग सरोज महाजन चलने और सांस लेने में असमर्थ थी। घायल पुलिसकर्मियों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# एम्स में मरीजों को आसानी से मिलेगा इलाज, शुरू होंगे आयुष्मान सुविधा केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एम्स में** आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के लाभार्थियों की मदद के लिए आयुष्मान सुविधा केंद्र बढ़ाए जाएंगे। इसके तहत एम्स के सभी ब्लाक और केंद्रों में आयुष्मान सुविधा केंद्र शुरू किए जाएंगे। संस्थान के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने 31 मार्च तक सभी ब्लाक और केंद्रों में यह सुविधा शुरू करने का निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिया है। इससे एम्स में इलाज के लिए पहुंचने वाले आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई के लाभार्थी मरीजों को इलाज में आसानी होगी।

**राहत**

**8 आयुष्मान सुविधा केंद्र 24 घंटे संचालित किए जाएंगे। ताकि लाभार्थी मरीजों को कोई परेशानी न होने पाए**

दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं है। एम्स में बड़ी संख्या में दूसरे राज्यों के मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इसलिए दूसरे राज्यों के आयुष्मान भारत के लाभार्थी के इस योजना के तहत एम्स में इलाज का प्रविधान है।




**गेट नंबर-1 के पास बनाए गए आयुष्मान सुविधा केंद्र:** इसके लिए एम्स के मुख्य प्रवेश गेट (गेट नंबर एक) के पास आयुष्मान सुविधा केंद्र बनाए गए हैं। जहां आयुष्मान भारत के लाभार्थी मरीजों को इलाज में मदद की जाती है। लेकिन मौजूदा समय में एम्स में सिर्फ यह एक केंद्र होने के कारण मरीजों को परेशानी होती है।

**मस्जिद मोठ के पास हैं चार नए ब्लाक:** एम्स में मुख्य अस्पताल के अलावा आंख, हृदय, न्यूरो व कैंसर की बीमारियों के लिए अलग-अलग केंद्र है। इसके अलावा हादसा पीड़ितों के लिए अलग ट्रामा सेंटर है। साथ ही मस्जिद मोठ के पास चार नए ब्लाक हैं। जिसमें नया ओपीडी ब्लाक, सर्जरी ब्लाक, मातृ एवं शिशु ब्लाक व राष्ट्रीय वृद्धजन केंद्र शामिल है। इन चार ब्लाकों से वर्तमान आयुष्मान सुविधा केंद्र की दूरी करीब एक किलोमीटर है। इससे आयुष्मान भारत के लाभार्थी मरीजों को इलाज में परेशानी होती है। इसके मद्देनजर एम्स के निदेशक ने सभी केंद्रों व ब्लाक में यह सुविधा शुरू करने का आदेश दिया है।

एम्स के मीडिया डिविजन की प्रभारी डॉ. रीमा दादा ने कहा कि आयुष्मान सुविधा केंद्र 24 घंटे संचालित किए जाएंगे। ताकि लाभार्थी मरीजों को कोई परेशानी न होने पाए।

## न्यूज फ्लैश

### 1 किलो 190 ग्राम गांजा पत्ती सहित आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर नजदीक महाराणा प्रताप चौक करनाल से आरोपी उमेश पुत्र गणेशी वासी वार्ड नंबर 14, करोर बेगूसराय बिहार हाल किरायेदार नजदीक महाराणा प्रताप चौक करनालइ को गिरफ्तार किया। आरोपी की कब्जे से 1 किलो 190 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी उमेश के खिलाफ थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी उमेश यह गांजा पत्ती अनाज मंडी करनाल से अनजान व्यक्ति से लेकर आया था। आरोपी एक रिक्शा चालक है। आरोपी यह गांजा पत्ती घर खर्च चलाने के लिए लेकर आया था। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### सट्टा खाईवाली और जुआ खेलने वाले तीन आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** थाना रामनगर की टीम ने अलग-अलग मामलों में सट्टा खाईवाली करने और जुआ खेलने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों के कब्जे से जुए में लगाई गई 2310 रुपए की राशि बरामद की गई है।

पहले मामले में थाना रामनगर की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर बाई पास शिव कॉलोनी में आरोपी राजेश उर्फ बनिया पुत्र उमेश प्रसाद वासी रामनगर को काबू कया। तलाशी लेने पर आरोपी राजेश से 1210 रुपए नगद बरामद किए गए। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। दूसरे मामले में थाना रामनगर की टीम ने मद्रासी मोहल्ला से आरोपी राजू पुत्र देवराज और कुमार पुत्र गुरुनाथ वासियान मद्रासी मोहल्ला रामनगर के काबू किया। आरोपियों के कब्जे से 1100 रुपए नगद और ताश बरामद किए गए। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा किया गया।

### नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा ।** नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड, एक विविध फाइनेंशियल सर्विसेज प्लेटफॉर्म ने बाजार नियामक सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। कंपनी प्रत्येक 10 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर जारी कर-के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। इसके तहत 500 करोड़ रुपए तक का फ्रेश इश्यू और 21,052,629 इक्विटी शेयरों तक कुल मिलाकर बिक्री का प्रस्ताव (ऑफर फॉर सेल) शामिल है।

नॉर्दर्न आर्क एक विविध फाइनेंशियल सर्विसेज प्लेटफॉर्म है जो मुख्य रूप से भारत में अल्प-सेवा वाले परिवारों और व्यवसायों की विविध खुदरा ऋण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के मिशन के साथ स्थापित किया गया है। नॉर्दर्न आर्क ने भारत में अपने केंद्रित क्षेत्रों के लिए ऋण उपलब्ध कराने में डोमेन विशेषज्ञता विकसित की है। ये प्रमुख क्षेत्र इस प्रकार हैं- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) वित्तपोषण, माइक्रोफाइनेंस, उपभोक्ता वित्त, वाहन वित्त, किफायती आवास वित्त और कृषि वित्त। नॉर्दर्न आर्क क्रमशः 13 वर्षों, 14 वर्षों और आठ वर्षों से अधिक समय से एमएसएमई, एमएफआई और उपभोक्ता वित्त क्षेत्रों में काम कर रहा है। कुल मिलाकर 21,052,629 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश में लीपफ्रॉग फाइनेंशियल इंक्लूजन इंडिया ;प्द्ध लिमिटेड द्वारा कुल मिलाकर 4,922,949 तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं; साथ ही, इस ऑफर में शामिल हैं।

# घरौंडा में हुआ दो दिवसीय दसवें सब्जी एक्सपो मेले का शुभारंभ

## शुभारंभ कार्यक्रम में उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक रहे मुख्य अतिथि



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** उद्यान विभाग द्वारा घरौंडा में स्थित सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में दो दिवसीय 10वें सब्जी एक्सपो मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का शुभारंभ विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. मनोज कुमार कुंडू ने मुख्य अतिथि के रूप में किया और उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में विभाग के सयुंक्त निदेशक डॉ.पी.सी. संधू ने भी शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक मनोज कुमार कुंडू ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरंक्षित खेती को सब्जी उत्कृष्ट केंद्र तक सीमित न रखकर इस तकनीक को प्रदेश के हर किसान के खेत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखना होगा। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए उन्होंने विभाग के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वह हर जिले में 500 किसान मित्र तैयार करें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की बागवानी खेती का पूरे भारत में नाम प्रसिद्ध है। पिछले 10 सालों में प्रदेश के बागवानी विभाग ने जो तरक्की की है,वह किसी अन्य राज्य ने नहीं की है। जिसका परिणाम यह है कि आज प्रदेश की बागवानी का पूरे भारतवर्ष में अपनी अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एवं विभाग के प्रयासों से वर्तमान में बागवानी अर्थात सब्जियों की खेती के लिए नई-नई तकनीके किसानों के लिए लाई जा रही है। किसानों को एक्सपोजर विजिट के माध्यम से बाहरी राज्यों की सब्जियां एवं फलों की किस्म को अपनाना चाहिए, ताकि प्रदेश की मंडीयो में भी किसी प्रकार की कोई कमी ना रहे। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जो हर जिले में 500 किसान मित्र तैयार किए जाएंगे। वह किसानों को संरक्षित खेती करने के लिए प्रेरित करेंगे और किसानों को इसके होने वाले फायदे व मुनाफे के बारे में अवगत करवाएंगे।

सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र घरौंडा के उपनिदेशक डॉ.बिल्लू कादियान ने बताया कि विभाग द्वारा लगाए गए इस दो दिवसीय मेले में प्रथम दिन प्रदेश भर के हजारों किसानों ने रुचि दिखाई और आयोजन में पहुंचकर नई-नई तकनीको की जानकारियां ली। इस दौरान कार्यक्रम के अतिथियों व अन्य कृषि विशेषज्ञों ने मेले में लगे सभी स्टालों का अवलोकन भी किया।

## असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीकरण फिर से शुरू - उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याणार्थ शुरू की गई नई पहल ई-श्रम पोर्टल को हरियाणा में मजबूती से लागू किया जा रहा है। इसके तहत श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीकरण फिर से शुरू कर दिया है।

उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत कृषि, मजदूर, रेहड़ी-पटरी वाले, घरेलू कामगार और निर्माण श्रमिक आदि आते हैं। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म असंगठित श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं से जोडने के लिए बनाया गया है। उन्होंने बताया कि ई-श्रम पोर्टल केवल एक डिजिटल मंच नहीं, बल्कि यह असंगठित कामगारों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने की एक पहल की है। अभी असंगठित श्रमिकों को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के माध्यम से जोड़ा जा रहा है ताकि वे सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने सभी असंगठित श्रमिकों से आह्वान किया कि वे ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें।

श्रम विभाग द्वारा ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कामगारों के पंजीकरण के लिए एक विशाल अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को 12-अंकीय यूनिवर्सल खाता संख्या (यूएएन) दिया जाएगा जो श्रमिक के पूरे जीवनकाल के लिए वैध होगा। साथ ही श्रमिकों का कौशल मानचित्रण भी किया जाएगा।

## इनैलो के साथ मिलकर लड़ेंगे चुनाव : शेर सिसंह राणा



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** करनाल के सेक्टर-4 में राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी ने प्रदेश स्तरीय ऐतिहासिक बूथ योद्धा कार्यकत्र्ता सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें प्रदेशभर से हजारों की संख्या में पार्टी के कार्यकत्र्ता पहुंचे। इस दौरान अपने संबोधन में पार्टी के अध्यक्ष शेर सिंह राणा ने इनेलो के साथ मिलकर प्रदेश में सरकार बनाने और अभय सिंह चौटाला को सीएम बनाने का दावा किया। शेर सिंह राणा ने कहा कि आज पार्टी का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन किया गया है। बूथ योद्धाओं के साथ हम विचार-विमर्श करेंगे, क्योंकि वे ही लोगों तक पहुंचकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करेंगे। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी पूरी मजबूती के साथ काम करेगी। उन्होंने बताया कि हमारी पार्टी बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर फील्ड में उतरी है, क्योंकि आज युवा बेरोजगार है और विदेशों की तरफ पलायन कर रहा है। अगर हमारी सरकार प्रदेश में बनती है तो सबसे पहले युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। अगर कोई 12वीं पास युवा बेरोजगार है तो उसको 5 हजार रुपए, ग्रेजुएट को 10 हजार और पोस्ट ग्रेजुएट को 15 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। शेर सिंह राणा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र में भाजपा की सरकार है। पिछले 10 साल में भाजपा ने हर वर्ग की कमर तोडने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अगर हम सत्ता में आते हैं तो किसान भाइयों ने जो कर्ज लिया हुआ है, उसको माफ किया जाएगा।

## शकील खान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश सचिव नियुक्त



**सोनीपत:** पूर्व जिला अध्यक्ष शकील खान को हरियाणा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। शकील खान ने प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी , हरियाणा प्रदेश महामंत्री व राई से विधायक मोहन लाल बडोली ,हरियाणा प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी राजीव जैन , प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जान मोहम्मद व सभी शीर्ष नेताओं का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## रचनाकारों ने बांधा समां

### चनाकारों ने रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को बांधा



**टीम एक्शन इंडिया /करनाल /राजकुमार प्रिंस।** कुंजपुरा गांव स्थित विकास क्लब भवन में रविवार को विकास क्लब साहित्य कला मंच के मासिक सांझा विरासत कार्यक्रम में मानव के बौद्धिक विकास और रचनात्मक शक्ति को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। रचनाकारों ने रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को बांधा, वहीं गायकों ने आवाज का जादू बिखेर तालियां बटोरी। मंच संचालन कर रहे शिक्षक अश्विनी शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। क्लब के संरक्षक संत प्रेमपाल सागर ने कहा कि जीवन की पगडंडी पर मुझे गहरे होते दाग मिले, कहीं जलते हुए मकान मिले तो कहीं बुझते हुए चिराग मिले। डॉ. एसके शर्मा ने कहा कि रास्ते खुद ही तबाही के निकाले मैंने कर दिया दिल पत्थरों के हवाले मैंने, मैंने तो चुप रहने की कसम खाई है कर दिया खुद को खुदा के हवाले मैंने। समाजसेवी अंजु शर्मा ने कहा कि दोस्त ना कभी करे अहसान बात मेरी जाओ जान, भले रहे वो दूर या पास क्रोध करे कुछ देर बाद में जाए मान। साहित्यकार मो. साबिर खान ने कहा कि नफरतें यूं ही अगर कायम रही तो एक दिन, आदमी से आदमी का फासला हो जाएगा। पंक्तियों के माध्यम से सामाजिक भाईचारे को मजबूती प्रदान की। रचनाकार ममता प्रवीण ने कहा कि यह राम प्रतिपल पल-पल गढ़ा गया सच्चरित्र है, यह राम गंगा की धारा सा पावन पवित्र है। डॉ. कमर रईस सोनीपत ने कहा कि जिनके अच्छे हकीब होते हैं, उनके आला नसीब होते हैं।

## शकीरा गाय ने बनाया एशिया रिकॉर्ड 24 घंटे में दिया 80.756 किलो दूध, कुरुक्षेत्र मेले में जीती बुलेट

### पशुपालक सुनील वर्ष 2013 से डेयरी फार्म का काम कर रहे हैं, इससे पहले उनके दादा और पिता यह काम करते थे



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस**

जिले के झिंझाड़ी गांव की शकीरा गाय ने 24 घंटे में 80 लीटर 756 ग्राम दूध देकर एशिया में एक नया कीर्तिमान रचा है। शकीरा ने एशिया में सबसे ज्यादा दूध देने वाली गाय का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। इसके साथ ही इस गाय ने कुरूक्षेत्र में हुए मेले में बुलेट बाइक भी जीती है।

पशुपालक सुनील वर्ष 2013 से डेयरी फार्म का काम कर रहे हैं। इससे पहले उनके दादा और पिता यह काम करते थे। इतना ही नहीं सुनील और उसका भाई शैंकी एचएफ नस्ल की ब्रीडिंग पर भी काम कर रहे हैं और उसी का परिणाम सबके सामने है। सुनील ने बताया कि शकीरा को हर रोज डाइट में 40 किलो साइलेज, दो किलो सूखी तूड़ी, 10 किलो हरा चारा और 20 किलो मिक्स फीड दी जाती है। उन्होंने बताया कि उनके पास जितनी भी गाय हैं, सभी को यही डाइट दी जाती है। अलग से कुछ नहीं दिया जाता। शकीरा को सभी गायों के साथ ही रखा जाता है। पशुपालक सुनील मेहला ने बताया कि वह अपने भाई शैंकी के साथ मिलकर डेयरी फार्म का काम करता है। 12 साल से हम डेयरी क्षेत्र में हैं। एचएफ गाय की ब्रीडिंग के ऊपर सबसे ज्यादा फोकस रखा जाता है। मेरे भाई शैंकी ने गाय का नाम शकीरा मिल्किंग चैंपियन रखा है। शकीरा की यह चौथी ब्यौंत थी और यह करीब साढ़े छह साल की है। इसी के साथ इसने एशिया में सबसे ज्यादा दूध देने वाली गाय का रिकॉर्ड बनाया है और कुरुक्षेत्र मेले में बुलेट बाइक जीती है। सुनील का कहना है कि उसके पास मौजूदा समय में लगभग 120 पशु हैं और शकीरा को भी आम पशुओं की तरह ही रखा जाता है। ऐसा नहीं है कि इसे कोई स्पेशल ट्रीटमेंट दिया जाता हो। चूंकि इस गाय को प्रतियोगिताओं में ले जाया जाता है, इसलिए इसके खान-पान का थोड़ा सा ध्यान रखा जाता है। वह कितना खा रही है और स्वास्थ्य कैसा है।

सुनील ने बताया कि डीएफए संस्था द्वारा प्रतियोगिता रखी गई थी। इसमें हरियाणा व पंजाब से पशुपालक अपनी बेहतरीन नस्ल की गायों को लेकर पहुंचे थे।

> **बेहतरीन नस्ल**
>
> 8 डाइट में 40 किलो साइलेज, दो किलो सूखी तूड़ी, 10 किलो हरा चारा और 20 किलो मिक्स फीड दी जाती है

## विदेश व जेल में बैठकर अपराधी गैंग चला रहे हैं: बजरंग गग्र

**गोहाना:** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने व्यापारियों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि अपराधियों द्वारा मातु राम हलवाई की दुकान पर दिनदहाड़े लगभग 40 फायरिंग करने व फिरौती मानने वाले 3 अपराधियों व अन्य को पुलिस प्रशासन द्वारा गिरफ्तार करना सराहनीय है।

> **मांग**
>
> 8 जो भी अपराधी शामिल है बाकी सब अपराधियों को गिरफ्तार किया जाए: गर्ग

बजरंग गर्ग ने कहा कि जिस अपराधी ने विदेश में बैठकर फोन कर धमकी देने का काम किया है और जो भी इस कांड में अपराधी शामिल है बाकी सब अपराधियों को पुलिस प्रशासन द्वारा तुरंत गिरफ्तार किया जाए और विदेश व जेल में बैठकर अपराधी गैंग चला रहे हैं उन अपराधियों का सरकार को पक्का इलाज करना चाहिए। जब तक अपराधियों का पक्का इलाज नहीं हो जाता तब तक हरियाणा में अपराध पर अंकुश लगना मुश्किल है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हर रोज हरियाणा में अपराधियों द्वारा लूटपाट, फिरौती, हत्या व चोरी करने से प्रदेश के व्यापारी में आम जनता में पूरी तरह से भय का माहौल है। प्रदेश का व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए पूरी तरह भयभीत है। सरकार को व्यापारी व आम जनता को जान माल की सुरक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने चाहिए। हरियाणा में अपराधी अपराध करें उससे पहले ही उनको पकड़ कर जेल में डालने का काम पुलिस प्रशासन को करना चाहिए ताकि व्यापारी व उद्योगपति हरियाणा में भय मुक्त होकर अपना व्यापार कर सके।

## यातायात जागरूकता अभियानः ट्रक चालकों को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** आज जिला के विभिन्न ढाबों पर यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन करने के निर्देश दिए गए। इस अभियान के दौरान वाहनों पर गति सीमा नियन्त्रण स्टीकर और रिफ्लेक्टर टेप भी लगाए गए।

यातायात टीम ने वाहन चालकों को वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने, वाहन चलते समय नशीले पदार्थ और बीड़ी-सिगरेट का प्रयोग न करने बारे समझाया गया। साथ ही ट्रक चालकों को जीटी रोड पर निर्धारित बाई लेन पर चलने बारे जागरूक किया गया। ट्रक चालकों को निर्धारित गति पर अपनी गाड़ी चलाने बारे भी जागरूक किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि अधिकतर सडक हादसे चालक की गलती से होते हैं। इसलिए वाहन चलते रोंगटर्न, ओवरस्पीड, रैश ड्राइविंग, सेल फोन ऑन रोड आदि पर कंट्रोल रखें। उन्होंने कहा कि सडक हादसों से बचने के लिए मार्ग पर चलते समय यातायात नियमों का सही से पालन करने पर विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है। यातायात थाना प्रबंधक द्वारा ट्रक चालकों को समझाया गया कि उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार अगर आप यातायात नियमों का पालन नहीं करेंगे तो आपके विरुद्ध उचित धाराओं में मुकदमा भी दर्ज किया जा सकता है।

## करनाल पहुंची 100 करोड़ के घोटाले की आंच



**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस।** हरियाणा सहकारिता विभाग में 100 करोड़ के घोटाले की जड़ें करनाल तक जुड़ी हुई हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो ने सहकारिता विभाग करनाल की एक महिला अधिकारी सहित सहित 4 अधिकारियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक पानीपत का अधिकारी भी शामिल है। पूरे प्रकरण में हरियाणा से 10 अधिकारी अरेस्ट हो चुके हैं। जिनमें से एक बर्खास्त हो चुका है और दो के नाम टर्मिनेशन के लिए आगे भेजे हुए हैं। ऐसे में और अधिकारियों के भी संलिप्त होने की संभावना है और एसीबी उन सभी तक पहुंचने के प्रयास में जुटी हुई है। एसीबी ने करनाल सहकारिता विभाग के डिप्टी रजिस्ट्रार रोहित गुप्ता, सहायक रजिस्ट्रार अनु कौशिश, ऑडिटर ऑफिसर बलविंद्र सिंह और असिस्टेंट रजिस्ट्रार रामकुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों को कोर्ट में पेश करने के बाद पुलिस रिमांड पर लिया, जहां पर उनसे सख्ती से पूछताछ की गई।

पूछताछ के दौरान भी पुलिस को काफी इनपुट मिले हैं और उसके बाद इन चारों को दोबारा कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के मुताबिक घोटाला करने वाले कुछ अधिकारियों ने तो अपने घर सोलर पैनल लगवा लियाए किसी ने कहीं और जगह पर पैसे इन्वेस्ट कर दिए। किसी ने एलइडी खरीद ली।

एसीबी इंस्पेक्टर सचिन कुमार ने बताया कि रेवाड़ी से यह मामला शुरू हुआ था। गुरुग्राम एसीबी ने जांच शुरू की तो सिर्फ रेवाड़ी ही नहीं, बल्कि अन्य जिलों के अधिकारियों की संलिप्तता भी इसमें मिली।

## 'राम मंदिर एक आस्था से जुड़ा हुआ कदम है, जिसे राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए'

### भाजपा ने जीटी रोड बेल्ट की चार सीटों अम्बाला, कुरुक्षेत्र, करनाल एवं सोनीपत कल्सटर का प्रभार राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार को दिया



**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस**

भाजपा ने देशभर में लोकसभा चुनाव को लेकर 146 कलस्टर बनाए हैं। हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों पर तीन कलस्टर बनाए गए हैं, इसके लिए तीन प्रभारी नियुक्त किए हैं। भाजपा ने जीटी रोड बेल्ट की चार सीटों अम्बाला, कुरुक्षेत्र, करनाल एवं सोनीपत कल्सटर का प्रभार राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार को दिया है। उनकी अध्यक्षता में आज सेक्टर-9 स्थित भाजपा कार्यालय करण कमल में चारों सीटों के नेताओं की बैठक हुई। बैठक में उन्होंने 2024 के चुनाव की तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान राज्य सभा सांसद कृष्ण पंवार कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी के साथ काम करता है। 2024 के चुनाव को मद्देनजर रखते हुए काम कर रहा है। वहीं उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राम मंदिर एक आस्था से जुड़ा हुआ कदम है, जिसे राजनीति से नहीं जोड?ा चाहिए। करोड़ों भारतीयों की आस्था राम मंदिर से जुड़ी हुई है, मगर विपक्ष जिस तरह से राम मंदिर पर राजनीति कर रहा है, वह गलत बात है। उन्होंने कहा कि आस्था और राजनीति अलग-अलग होनी चाहिए। कांग्रेस की न्याय यात्रा और हर हर कांग्रेस घर-घर कांग्रेस मुहिम को भी उन्होंने एक राजनीतिक हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि हर एक राजनीतिक पार्टी चुनाव के दौरान इस तरह के कदम उठाती है, लेकिन लोगों के मन में सिर्फ और सिर्फ भाजपा है।

बैठक में पहुंचे शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कांग्रेस से लेकर आम आदमी पार्टी तक पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता हतोत्साहित है। वे ऐसे ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने लगे है, जिनको बोलते हुए भी शर्म आती है। जनता भी कांग्रेस द्वारा फैलाए हुए अराजकता वाले शासनकाल को नहीं भूली है। कांग्रेस के भेदभावपूर्ण वाले रवैये को लोग नहीं भूल पाए हैं। अब कांग्रेस का कुछ नहीं है।

> **बैठक**
>
> 8 हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों पर तीन कलस्टर बनाए गए हैं, इसके लिए तीन प्रभारी नियुक्त किए है

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने ने म्युजिक लाइसेंसिंग ऑथोरिटी की पुष्टि की: पीपीएल ने कानूनी लड़ाई में ऐतिहासिक जीत हासिल की

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

एक उल्लेखनीय फैसले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने कॉपीराईट सोसाइटी के रूप में पंजीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए म्युजिक लाइसेंसिंग के दिग्गजों फोनोग्राफिक परफोर्मेन्स लिमिटेड (पीपीएल) और नोवेक्स कम्युनिकेशन्सल प्रा. लिमिटेड (नोवेक्स) के द्वारा कॉपीराईट मालिकों के रूप में लाइसेंस जारी करने के अधिकारों को स्पष्ट रूप से बरकरार रखा है। 24 जनवरी 2024 को सुनाया गया यह ऐतिहासिक फैसला साइउण्ड रिकॉर्डिंग लाइसेंस के लिए मालिक के अधिकारों के दायरे पर लम्बे समय से चल रही बहस को हल करता है। इस कानूनी लड़ाई में पीपीएल की जीत, न सिर्फ हमारी बल्कि पूरे संगीत उद्योग की जीत हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट का फैसला कॉपीराईट मालिकों एवं एक्सक्लुजिव लाइसेंसियों के अधिकारों पर जोर देते हुए पीपीएल को उल्लंघन से सुरक्षा के टूल्स प्रदान करता है जो असली म्युजिक लेबल्स पर मेहनत से कमाए गए निवेश को कमजोर बनाते हैं। यह जीत संगीत उद्योग को संचालित करने वाले रचनात्मक प्रयासों के सम्मान और संरक्षण के महत्व को रेखांकित करती है, साथ ही ऐसे भविष्य के निर्माण को बढ़ावा देती है जहां कॉपीराइट्स में निवेशकों, कलाकारों और उनकी रचनाओं को महत्व दिया जाएगा और सुरक्षित रखा जाएगा।

जी.बी. अय्यर, एमडी एवं सीईओ, पीपीएल ने कहा। 1941 में स्थापित पीपीएल ने 200 से अधिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ कई मामलों में जीत हासिल की है, जिनमें जाने-माने नाम जैसे सोशल, फर्जी कैफे तथा ओलिव बार एण्ड किचन शामिल हैं। कोर्ट के आदेश कॉपीराईट के क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव लाकर म्युजिक उद्योग पर दूरगामी प्रभाव उत्पन्न करेंगे।

## संपादकीय

# शिक्षा से ही स्वर्णिम भारत की कल्पना साकार होगी

**देश को** अगले तीन दशकों के बीच यानी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाते वक्त विकसित देशों में शुमार करने का संकल्प बड़ा ही आकर्षक है। हालांकि हालात कैसे करवट बदलते हैं कोई नहीं जानता। इसलिए दावे से यह नहीं कहा नहीं जा सकता कि 2047 तक दुनिया क्या रूप ले लेगी। आज की स्थितियां बनी रहेंगी या कुछ और नक्शा बनेगा अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। सन सैंतालीस से अब तक के दौर में इतिहास भूगोल के साथ काफी कुछ घटित हो चुका है। यह भी हो सकता है उस मुकाम तक पहुंचते-पहुंचते 'विकसित' का मायने ही कुछ और हो जाए। इसलिए इस बात पर भी गौर करने की जरूरत है कि विकसित भारत से हमारा क्या आशय होगा। राम-राज्य चाहिए पर वह व्यवस्था जिसमें सभी कुशल क्षेम से रहें उसके पैमाने बहुत स्पष्ट नहीं हैं। आज के भारत में निश्चय ही अनेक मोर्चों पर उल्लेखनीय सफलता मिली है और देश निःसंदेह आगे बढ़ा है। देश की न केवल आधार-संरचना विस्तृत और मजबूत हुई है बल्कि खाद्यान उत्पादन, स्वास्थ्य सुविधाओं, वैज्ञानिक अनुसंधान और सामरिक तैयारी आदि की दृष्टि से हमने अच्छी बढ़त हासिल की है। फिर भी ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जिनमें आज के हालात में सुधार की बहुत गुंजाइश है। हम जहां हैं वह स्थिति पूरी तरह संतोषजनक नहीं कही जा सकती । सभी लोग यह चाहते हैं कि जो है उससे बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, न्याय, कृषि, उद्योग-धंधों की स्थिति, कानून व्यवस्था, और अच्छे प्रशासन की ओर हम आगे बढ़ें। सुशासन की इस महत्वाकांक्षी पर जायज परिकल्पना को मूर्त रूप देने की इच्छा सब में है। सभी राजनैतिक दल इसके लिए सहमति, सक्रियता और तत्परता दिखाते लगते हैं। वर्तमान सरकार ने इस दिशा में कई उल्लेखनीय कदम आगे बढ़ाए हैं। यह निश्चित ही एक बड़ी छलांग है कि आज भारत विश्व की पांचवीं अर्थ-शक्ति के मुकाम पर पहुंच गया है। हमने यह भी देखा था कि कोविड महामारी जैसी विकट संकट वाली चुनौती का सामना कर देश आगे बढ़ा और उसके झटके के बाद अर्थव्यवस्था को पटरी पर ला सकने में सफल रहा। जीझ्र20 की बैठक कई दृष्टियों से फलदायी रही है। उसके चलते आज भारत की अंतरराष्ट्रीय राजनय में साख बढ़ी है। देश और बाहर के कई सूत्रों से भारत की वर्तमान स्थिति के उत्साहवर्धक आकलन को देखते हुए अमृत-काल की परिणति के रूप में स्वर्णिम भारत का सपना स्वाभाविक लगता है। यह आकार ले सकता है और जरूर मुमकिन हो सकता है बशर्ते हमारी क्षमता और कुशलता हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाए। हमको भ्रष्टाचार पर लगाम लगानी होगा, फिजूलखर्ची रोकनी होगी और उत्कृष्टता को कार्य-संस्कृति में आत्मसात कर उसे लागातार बनाए रखना होगा। तभी जीवन की गुणवत्ता संवर्धित हो सकेगी। इस सोच के अनुसार आगे चलने में चरित्र और नैतिकता की केंद्रीय भूमिका होगी। सच कहें तो सबका लक्ष्य जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि है। यह सरकार और जनता दोनों का एक साझे का सतत चलने वाला सरोकार है। इन सबके बीच में गरीबी दूर करने का उद्देश्य सर्वोपरि स्वीकार किया गया है । स्वतंत्र भारत की आज तक की सभी सरकारें इसके लिए काम करती आ रही हैं और विभिन्न उपायों से लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का प्रयास चलता आ रहा है बिचौलियों की हेराफेरी से लाभ हितार्थियों तक नहीं पहुंच पाते थे।

# प्रदूषण का थर्मामीटर भी प्लास्टिक प्रदूषण की जद में



सुनील कुमार महला

> हां यह भी विदित हो कि माइक्रोप्लास्टिक प्लास्टिक के वे कण होते हैं, जिनका व्यास 5 मिमी. से कम होता है। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए माइक्रोप्लास्टिक छोड़ रहे हैं, हालांकि वर्तमान में जो प्लास्टिक अंटार्कटिका में मिला है वह हमारी पीढ़ी का नहीं है। कुछ समय पहले प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार अंटार्कटिका के आसपास के पानी में माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा अब तक अनुमानित पांच गुना अधिक है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि अंटार्कटिक महासागर लगभग 8.5 मिलियन वर्ग किलोमीटर में फैला है और पृथ्वी के महासागरों का 5.4% प्रतिनिधित्व करता है। समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र असुरक्षित है। ब्रिटिश शोधकर्ताओं ने अंटार्कटिक सागर में प्रवाह या माइक्रोप्लास्टिक के बारे में सभी उपलब्ध जानकारी का अध्ययन किया है

**अंटार्कटिका** दुनिया के प्रदूषण का थर्मामीटर कहलाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि अंटार्कटिका पृथ्वी का दक्षिणतम महाद्वीप है, जिसमें दक्षिणी ध्रुव अंतर्निहित है। यह दक्षिणी गोलार्द्ध के अंटार्कटिक क्षेत्र और लगभग पूरी तरह से अंटार्कटिक वृत के दक्षिण में स्थित है। यह चारों ओर से दक्षिणी महासागर से घिरा हुआ है। लेकिन आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि आज अंटार्कटिका जैसी ठंडी जगह भी प्रदूषण से पूरी तरह से मुक्त नहीं है और अंटार्कटिका महाद्वीप पर पानी में प्लास्टिक के कण मिले हैं। कहना गलत नहीं होगा कि धरती पर मौजूद सभी सात महाद्वीपों में अंटार्कटिका सबसे ठंडा महाद्वीप है और वो इसलिए कि यहां का 98 फीसदी हिस्सा बर्फ से ढंका हुआ है। कहते हैं कि लगभग दो किलोमीटर की मोटी परत के रूप में बर्फ अंटार्कटिका की धरती पर फैली हुई है। दक्षिणी ध्रुव पर स्थित इस महाद्वीप पर तेज हवाएं चलती हैं, यहां का तापमान हमेशा चार डिग्री से नीचे ही रहता है। रिसर्चरों ने इस बात की खोज की है कि दुनिया का अत्यंत ठंडा ये महाद्वीप भी प्रदूषण की जद में आ चुका है। धरती के कोने पर आबादी से बहुत दूर होने के बावजूद यहां पानी में प्लास्टिक के कण मिलना हर किसी को अंचभित करता है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर यहां प्रदूषण फैला कैसे ? तो इसका सटीक उत्तर यह है कि मानव ही कहीं न कहीं इसका कारण है। यहां पर प्रदूषण का पता लगाकर रिसर्चर धरती पर लगातार बढ़ते प्रदूषण का हाल जान जाते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि अंटार्कटिका पर ताजे पानी का बहुत बड़ा विशाल भंडार है जिसमें माइक्रोप्लास्टिक के कण मिले हैं। प्रश्न उठता है कि आखिर ये प्लास्टिक आता कहां से है जबकि यहां पर आबादी न के बराबर है। वास्तव में माइक्रोप्लास्टिक अपने आप में एक प्रदूषक है। प्रकृति या सागर कभी भी प्लास्टिक पैदा नहीं करते हैं। प्लास्टिक मानव ही निर्मित करता है और मानव जनित गतिविधियों के कारण ही आज अंटार्कटिका जैसी जगह भी प्लास्टिक से अछूती नहीं रही है। यहां पानी में सूक्ष्म जीवों के साथ प्लास्टिक के कण भी मिले हैं। इस प्लास्टिक का यहां होना इलाके के जीवों के लिए बहुत ही खतरनाक है। वास्तव में, माइक्रोप्लास्टिक कछुओं और पक्षियों सहित जलीय जीवों को नुकसान पहुँचाता है। यह पाचन तंत्र को अवरुद्ध करता है, और खाने के व्यवहार को बदल देता है। इसके बाद, यह समुद्री जानवरों में वृद्धि और प्रजनन उत्पादन को कम कर देता है। विदित हो कि वैज्ञानिकों ने क्रस्टेशियंस, कीड़े, मछली, समुद्री कछुए और सील सहित सैकड़ों समुद्री जानवरों में माइक्रोप्लास्टिक का पता लगाया है और उन्हें उत्तरी अटलांटिक से लेकर तटीय अर्जेंटीना से लेकर दक्षिण चीन सागर तक दुनिया भर में प्लास्टिक खाने वाले जानवर मिले हैं। वास्तव में अंटार्कटिक जल में प्लास्टिक प्रदूषण एक उभरता हुआ खतरा है। वास्तव में माइक्रोप्लास्टिक्स कई स्त्रोतों से आ सकते हैं यथा व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद जैसे टूथपेस्ट, शैंपू और शॉवर जैल, कपड़े धोने से सिंथेटिक फाइबर और प्लास्टिक मलबे के बड़े टुकड़ों के टूटने से। माइक्रोप्लास्टिक आर्कटिक और अंटार्कटिक के समुद्रों में पाए गए हैं, जिनमें सतही जल और गहरे समुद्र और उथले तलछट शामिल हैं। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि न्यूजीलैंड में कैंटरबरी विश्वविद्यालय के शोधकताओं ने अंटार्कटिका में 19 स्थानों से नमूने एकत्र किए और प्रत्येक में छोटे प्लास्टिक के टुकड़े थे।माइक्रोप्लास्टिक प्लास्टिक सामग्री के क्षरण से उत्पन्न होते हैं और चावल के दाने से भी छोटे होते हैं - कभी-कभी नग्न आंखों के लिए भी अदृश्य होते हैं शोधकताओं को पिघली हुई बर्फ में प्रति लीटर औसतन 29 कण मिले हैं। उन्होंने 13 विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक की पहचान की और सबसे आम पॉलीथीन टेरेफ्थेलेट (पीईटी) था, जिसका उपयोग ज्यादातर शीतल पेय की बोतलों और कपड़ों में किया जाता था। यह 79% नमूनों में पाया गया। कहना गलत नहीं होगा कि आज हम धरती के दिल कहलाने वाले इस खूबसूरत महाद्वीप को लगातार अपनी गतिविधियों से गंदा व प्रदूषित कर रहे हैं। अंटार्कटिका में प्लास्टिक का मिलना यह दर्शाता है कि दुनिया अपने कचरे का निस्तारण ठीक से नहीं कर रही है और धरती पर लगातार प्रदूषण बढ़ रहा है। आज अंटार्कटिका में जो प्लास्टिक मिल रहा है, संभवतया वह बहुत पहले इस्तेमाल हुआ होगा, क्यों प्लास्टिक के ये कण बहुत ही महीन हैं और प्लास्टिक को अपघटित होने में सैकड़ों हजारों वर्ष का लंबा समय लग जाता है। यहां यह भी विदित हो कि माइक्रोप्लास्टिक प्लास्टिक के वे कण होते हैं, जिनका व्यास 5 मिमी. से कम होता है। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए माइक्रोप्लास्टिक छोड़ रहे हैं, हालांकि वर्तमान में जो प्लास्टिक अंटार्कटिका में मिला है वह हमारी पीढ़ी का नहीं है। कुछ समय पहले प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार अंटार्कटिका के आसपास के पानी में माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा अब तक अनुमानित पांच गुना अधिक है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि अंटार्कटिक महासागर लगभग 8.5 मिलियन वर्ग किलोमीटर में फैला है और पृथ्वी के महासागरों का 5.4% प्रतिनिधित्व करता है। समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र असुरक्षित है। ब्रिटिश शोधकर्ताओं ने अंटार्कटिक सागर में प्रवाह या माइक्रोप्लास्टिक के बारे में सभी उपलब्ध जानकारी का अध्ययन किया है। उन्होंने गणना की है कि क्षेत्र में पर्यटन, मछली पकड़ने और वैज्ञानिक गतिविधियों के परिणामस्वरूप व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों से 500 किलोग्राम तक माइक्रोबीड्स और 25.5 बिलियन सिंथेटिक फाइबर प्रति दशक पानी में प्रवेश करते हैं। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2019 के एक स्टडी में यह अनुमान लगाया गया है कि अंटार्कटिक प्रायद्वीप के पास सतही जल में प्रति वर्ग किलोमीटर औसतन लगभग 1,800 प्लास्टिक के टुकड़े थे। जानकारी देना चाहूंगा कि माइक्रोप्लास्टिक अंटार्कटिक महासागर की सभी परतों में पाए जाते हैं, जिसमें दक्षिणी ध्रुव के तट पर समुद्र तल भी शामिल है। एडवेंचर साइंस के हालिया शोध से पता चलता है कि अंटार्कटिक प्रायद्वीप के आसपास के समुद्र में प्रति लीटर औसतन 22 माइक्रोप्लास्टिक के टुकड़े होते हैं। दक्षिणी शेटलैंड द्वीप समूह में किए गए एक अन्य अध्ययन में छह से 11 मीटर की गहराई पर प्रति वर्ग मीटर 766 प्लास्टिक कण पाए गए। माइक्रोप्लास्टिक (चावल के दाने से छोटे प्लास्टिक के टुकड़े) पाए गए हैं, जो बर्फ के पिघलने में तेजी लाकर जलवायु को प्रभावित कर सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि माइक्रोप्लास्टिक भी ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को बढ़ा सकता है। दुनिया भर में परमाफ्रास्ट, हिमशिखर और ग्लेशियर पहले से ही तेजी से पिघल रहे हैं और वैज्ञानिकों का कहना है कि इन स्थानों पर जमा गहरे रंग के माइक्रोप्लास्टिक सूर्य की रोशनी को अवशोषित करके तथा स्थानीय ताप वृद्धि कर स्थिति को बदतर बना सकते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि विभिन्न अध्ययनों में यह पाया गया है कि माइक्रोप्लास्टिक का पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जीवों में विकास, प्रजनन और सामान्य जैविक क्रियाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, साथ ही साथ इनका मनुष्यों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शोधकताओं ने पाया है कि अंटार्कटिका में 13 अलग-अलग प्रकार के प्लास्टिक पाए गए, जिनमें सबसे आम पॉलीइथाइलीन टेरेफ्थेलेट है, जिसका इस्तेमाल आमतौर पर शीतल पेय की बोतलें और कपड़े बनाने के लिये किया जाता है। उल्लेखनीय है कि आज दुनिया भर में पर्वत श्रृंखलाओं पर तेजी से पिघलने वाले ग्लेशियर खतरनाक होते जा रहे हैं, जिससे भूस्खलन और हिमस्खलन हो रहा है।



## कविता

### अब कहां मिलता है साहब स्वादिष्ट पकवान पहले वाला

।

हाँ, देखा है मैंने..

चिकनी मिट्टी से बना चूल्हा।

हर घर आँगन में धरा पर धरा।

धीरे धीरे पकता था साग हरा हरा।

धरा पर बैठ जाती थी घर की बाला।

बनाती थी भोजन शुद्धिकरण वाला।

सेंकती थी रोटियां, चूल्हा था मिट्टी वाला।

सब बैठ जाते थे धरा पर खाने निवाला।

होता था भोजन मलाई मक्खन वाला।

हाँ आज देख रहा हूँ सब कुछ बदला
बदलाद्बद्बद्बद्बद्ब

अब कहां मिलता है साहब स्वादिष्ट पकवान
पहले वाला।

आज भोजन खड़े होकर बनाते हैं नर नारी।

-डॉ. अशोक

# न्याय में देरी और साइबर क्राइम पर चिन्ता

प्रेम शर्मा

**सुप्रीम कोर्ट** की 75 वर्ष गॉठ पर न्याय में देरी पर पीएम एवं मुख्य न्यायधीश की चिन्ता जाएज है। हालांकि इस तरह की चिन्ता वर्षो से जताई जा रही है। इसके अलावा साइबर क्राईम की घटनाओं में जिस तरह से वृद्धि हो रही है उस पर चिन्ता के साथ इस पर विराम लगाने के प्रयास तत्काल प्रभाव से शुरू करना देश की सरकार की प्राथमिकता बन चुका है। एआई को लेकर भी एक बड़ी चिन्ता देश के आम से लेकर खास तक में घुसपैठ कर चुकी है। ऐसी स्थिति में देश की सरकार को न्यायालय में रिक्त पदों पर भर्ती, न्याय प्रक्रिया को निपटाने के लिए समयावधि का निर्धारण, साइबर क्राईम रोकने के लिए तकनीकि दक्ष युवाओं की भर्ती, स्पेशल और संसाधनों से परिपूर्ण साइबर सेलों का गठन अब वक्त की आवश्यकता बन चुका है।न्याय में देरी को लेकर बातें तो बहुत होती हैं लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। अभी हाल में सुप्रीम कोर्ट ने तारीख पर तारीख के सिलसिले पर चिंता प्रकट की थी लेकिन इस प्रश्न का उत्तर कोई नहीं दे सका कि आखिर न्यायाधीश मामलों की सुनवाई को टालने या फिर अगली तारीख देने के लिए राजी ही क्यों हो जाते हैं ? देश की न्यायपालिका व कार्यपालिका इस बात को लेकर प्रतिबद्ध हैं कि अदालतों पर मुकदमों का बोझ घटाकर आम लोगों को सहज-सरल न्याय उपलब्ध कराया जाए। न्यायिक तंत्र में वंचित समाज व महिलाओं को न्यायसंगत प्रतिनिधित्व मिल सके। यह सुखद संकेत सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम से मिला, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने न्यायिक व्यवस्था में विश्वास बढ़ाने और मुकदमों का दबाव घटाने पर बल दिया। प्रधानमंत्री के इस तर्क से सहमत हुआ जा सकता है कि सशक्त न्याय व्यवस्था से न केवल लोकतंत्र को मजबूती मिलती है, बल्कि विकसित भारत को इससे आधार मिलेगा। न्यायपालिका और कार्यपालिका इस बात को लेकर गंभीर नजर आ रही हैं कि कैसे अदालतों में लंबित मुकदमों का बोझ घटे और आम आदमी को शीघ्र न्याय मिल सके। निस्संदेह, पिछले वर्ष केंद्र सरकार द्वारा तीन नये आपराधिक न्याय कानून बनाए जाने से भारतीय न्यायिक व्यवस्था मौजूदा चुनौतियों से मुकाबले में सक्षम हुई है। यह विडंबना है कि हम आजादी के दशकों बाद भी देश प्रेमियों के खिलाफ बनाये गये ब्रिटिश कानूनों का बोझ ढोते रहे हैं। निस्संदेह, इस कदम से भारत की कानूनी, पुलिस और जांच प्रणाली न्यायिक प्रक्रिया को गति दे सकेगी। हालांकि, सरकार दावा कर रही है कि इस दिशा में क्षमता निर्माण और कानूनों के न्यायपूर्ण ढंग से क्रियान्वयन के लिये सरकारी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बावजूद नये कानूनों के उपयोग व सीमाओं से आम लोगों को अवगत कराना जरूरी है। निश्चित रूप से भारतीय न्यायिक व्यवस्था के प्रति भरोसा जगाने के लिये न्यायिक प्रणाली की विसंगतियों को दूर करने की जरूरत भी है।

## विचार

# कैंसर को सजगता, जांच और शीघ्र इलाज से ही हराया जा सकता है

डा मनमोहन प्रकाश

**पिछले** कुछ दशकों से प्राप्त हो रहे कैंसर रोगियों के आंकड़ों ने भारत में सभी को चिंता में डाला है। बच्चे-जवान-बुढ़े, स्त्री-पुरुष सभी को इस रोग ने अपना शिकार बनाया है। इस रोग के कारण मृत्यु की संख्या भी अच्छी खासी है। दुःख यह जान कर होता है कि मरने के कारणों में सही समय पर सही चिकित्सक से इलाज न कराना प्रमुख है। जबकि चिकित्सक और सरकार बार-बार यह प्रचारित कर रहे हैं कि कैंसर रोग जटिल अवश्य है पर असाध्य नहीं।रोग की आरंभिक स्थिति में जांच करा कर इलाज आरंभ करने पर इस रोग से मुक्ति पाकर सामान्य जीवन जीने की संभावना अधिक हो जाती है। शासकीय और प्रायवेट चिकित्सा संस्थान, स्वयं सेवी संस्थाएं यदि विभिन्न कार्यालयों,शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों पर निशुल्क कैंसर जांच कैंप आयोजित करती हैं और रोगी को इलाज हेतु उचित परामर्श देती हैं तो इस रोग से मरने वालों का आंकड़ा बहुत कम किया जा सकता। अतः जन सामान्य को इस रोग के आरंभिक लक्षणों से परिचित करा कर भी हम उन्हें चिकित्सा केन्द्रों पर जाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। कैंसर के कुछ सामान्य लक्षण इस प्रकार हैः-

(1)बिना किसी विशेष कारण के शारीरिक बजन का घटना और थकावट महसूस करना।
(2) अचानक भूख न लगना।
(3) लगातार कहीं दर्द बना रहना।
(4)बार-बार जी मिचलाना और उल्टी होना।
(5) मल-मूत्र के साथ रक्त का निकलना।
(6)शरीर के किसी भी अंग या स्थान पर गठान का बनना तथा उसमें वृद्धि होना।
(7) योनि से असामान्य सफेद रिसाव या रक्त का निकलना।
(8) लंबे समय तक कफ रहना या कफ में रक्त निकलना।
(9)मुख में न ठीक होने वाले अल्सर का होना।
(10)मसा या तिल के आकार और रंग में परिवर्तन आना।
(11) आंखों की रोशनी का निरंतर घटना।
(12) लंबे समय तक बुखार बने रहना।
(13)सर दर्द बना रहना आदि।

उपर्युक्त में से एक या एक से अधिक लक्षण दिखने पर तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह लें और आवश्यक जांच करायें।यह ध्यान रखने योग्य बात यह है कि कैंसर रोग को मात दी जा सकती है यदि आरंभिक लक्षण दिखने पर उचित चिकित्सिय परामर्श लें कर इलाज लिया जाता है। परिजनों के लिए विशेष सलाह है कि वे झाड़-फूंक, टोने-टोटके से बचें। ईश्वर पर विश्वास करें और चिकित्सक पर भरोसा रखें और हिम्मत रखें।विभिन्न अध्ययनों से यह भी पता चला है कि कैंसर होने की संभावनाओं को बहुत कुछ हद तक कम किया जा यदि हम निम्न बिन्दुओं पर ध्यान देते हैंः-

(1) नियमित जीवन शैली अपनाएं।
(2) नशा वृत्ति से दूर रहें यथा तम्बाकू, गुटखा, पान-मसाला, शराब यदि के सेवन से बचें।
(3) पोषणयुक्त सात्विक आहार का उपयोग करें,जंक फूड से बचें।
(4) शरीर की लंबाई के अनुकूल आदर्श शरीर के बजन को बना कर रखें। क्योंकि हम सब इस तथ्य से भलीभांति परिचित हैं कि मोटापा विभिन्न रोगों को आमंत्रित करता है।
(5) नियमित व्यायाम/योग/प्रणायाम शरीर को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण है और स्वस्थ शरीर विभिन्न बिमारियों को दूर रखता है।
(6) तनाव और चिंता मुक्त रहें।ये दोनों किसी भी समस्या का हल नहीं है अपितु शरीर में कई समस्याओं को जन्म अवश्य दे सकते हैं।
(7) अपने शरीर पर ध्यान दें , अचानक पैदा होने वाले लक्षणों के बारे में चिकित्सक से बात करें।
(8) यदि संभव हो तो समय-समय पर कैंसर ही क्यों अन्य रोगों की भी जांच करायें।
(9)जिन कैंसर के लिए टीका उपलब्ध है उसे अवश्य लगवाए। अमेरिका खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा कैंसर को रोकने के लिए दो टीके उपलब्ध है (अ)

एचपीवी टीका,यह ह्यूमन पेपिलोमावायरस से बचाता है जिसकी लंबे समय तक शरीर में उपस्थित कुछ प्रकार के कैंसर जैसे सर्वाइकल कैंसर,गुदा कैंसर, योनि कैंसर, लिंग कैंसर ,ऑरोफरीन्जियल कैंसर आदि को जन्म दे सकती है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# एमपी लोकसभा चुनाव कांग्रेस के लिए कठिन चुनौती

नरेंद्र तिवारी पत्रकार

**एमपी** विधानसभा चुनाव में एक तरफा पराजय के बाद कांग्रेस ने अपने सांगठनिक ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन किए है। प्रदेश के नवगठित कांग्रेस संगठन के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती आगामी लोकसभा चुनाव में आने वाली है। जब श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मोदी लहर पर सवार देश और प्रदेश की जनता के मध्य कांग्रेस के पक्ष में मतदाताओं का मन बनाना होगा, इससे पूर्व प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों के लिए जनता से जुड़े चेहरों का चयन करना प्रदेश कांग्रेस के लिए किसी चैलेंज से कम नहीं होगा। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में एमपी की 29 लोकसभा सीटों में कांग्रेस महज एक सीट पर विजय हो पाई थी। वह सीट एमपी के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुल नाथ की थी। प्रदेश में लगातार दो लोकसभा चुनावों से कमजोर प्रदर्शन करने वाली कांग्रेस क्या आगामी लोकसभा चुनाव में अब तक का सबसे कमजोर प्रदर्शन करने जा रही है.? या फिर कांग्रेस के नवगठित प्रदेश संगठन के पास कांग्रेस का सम्मान बचाने या बढ़ाने की कोई रणनीति है ? इन सुलगते सवालों के बीच प्रदेश में कांग्रेस संगठन की नैय्या हिचकोले खाती दिखाई दे रही है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस के आकस्मिक परिवर्तन से जहां पुराने नेताओं की नाराजगी साफ दिखाई दे रही है, कमलनाथ जैसे वरिष्ठ कांग्रेस नेता जिन्हे इंदिरा गांधी का तीसरा पुत्र कहा जाता है, इस वक्त संदेह के घेरे में दिखाई दे रहे है। वहीं कांग्रेस का लचर संगठन जमीनी स्तर पर अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम दिखाई दे रहा है।

अमूमन देश के सभी प्रदेशों में कांग्रेस का एक सा हाल है, किंतु मध्यप्रदेश में जो कांग्रेस 2018 के विधानसभा चुनावों में

सत्ता तक पहुंच चुकी थी। जिसे ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत ने सत्ता से बेदखल कर दिया था, वर्ष 2023 तक आतेझ्रआते सत्ता से दूर ही नहीं कोसो दूर हो गई। कांग्रेस के विधानसभा प्रदर्शन से नाराज हाईकमान ने कमलनाथ के स्थान पर राऊ विधानसभा के पूर्व विधायक युवा और तेजतर्रार नेता जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी, विपक्ष के नेता के तौर पर गंधवानी से युवा विधायक उमंग सिंगार को जवाबदेही दी गई।

# (पृथ्वी की उष्णता खतरनाक

संजीव

**आने वाले** महीनों में मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार ताबड़तोड़ गर्मी होने वाली है उनके अनुसार यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फल स्वरुप होने वाला है' जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है।

# ओमेक्स सिटी से वेस्ट जुआ ड्रेन तक 1 करोड़ 66 लाख से बनेगा बरसाती नाला

## शहर के वार्ड-30 में पिछले 6 सालों से बरसाती नाले के निर्माण की मांग आखिरकार अब पूरी हो गई

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**

शहर के वार्ड-30 में पिछले 6 सालों से बरसाती नाले के निर्माण की मांग आखिरकार अब पूरी हो गई। एक करोड़ 66 लाख की लागत से सीसी से बनने वाले बरसाती नाले के निर्माण कार्य की शुरुआत रविवार को पूर्व विधायक नरेश कौशिक, चेयरपर्सन सरोज राठी, वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष व नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी ने कई पार्षदों व अधिकारियों की मौजूदगी में नारियल फोडकर की। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष व पार्षद डा. नीना सतपाल राठी ने बताया कि नगर परिषद में जब कांग्रेस का बोर्ड था तब से वह ओमेक्स सिटी से लेकर वेस्ट जुआ ड्रेन तक बरसाती नाले के निर्माण



की आवाज जोर शोर से उठती रही हूं। मगर इस कार्य को सिरे नहीं चढ़ाया गया। उन्होंने बताया कि रोहतक लोकसभा क्षेत्र से सांसद डा. अरविंद शर्मा, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी व जिला प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष इस मांग को फिर से प्रमुखता से उठाया और यहां तक की नगर परिषद बोर्ड की बैठकों में भी आवाज बुलंद की। अब जाकर यह कार्य सांसद डा. अरविंद शर्मा, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, चेयरपर्सन सरोज राठी व जिला प्रशासनिक अधिकारियों के अथक सहयोग से यह काम पूरा हो रहा है। इस नाले के बनने से वार्डवासियों को बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। रविवार को ओमेक्स सिटी के 100 फुटा चौक से इस बरसाती नाले के निर्माण कार्य की शुरूआत पूर्व विधायक नरेश कौशिक, चेयरपर्सन सरोज राठी, वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा, पार्षद डा. नीना सतपाल राठी ने कई पार्षदों व गणमान्य व्यक्तियों, वार्डवासियों, ओमेक्स सिटी निवासियों की मौजूदगी में नारियल फोडकर की। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने सीसी नाला निर्माण कार्य की शुरूआत करने के बाद उपस्थिजन को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस बरसाती नाले का निर्माण होने से लोगों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि 1 करोड़ 66 लाख की लागत से नाला निर्माण कार्य होगा।

# 'पिछड़ों दलितों को केवल आरक्षण की बैसाखी के सहारे न्याय संभव नहीं'

**खाई**

8 आजादी के 76 वर्षों के बाद भी पिछड़ों दलितों की स्थिति में आर्थिक असमानता की एक बड़ी खाई मौजूद है



**पानीपत/कमाल हुसैन**

पिछड़ों दलितों को केवल आरक्षण की बैसाखी के सहारे न्याय संभव नहीं इतिहास साक्षी है कि आजादी के 76 वर्षों के बाद भी पिछड़ों दलितों की स्थिति में आर्थिक असमानता की एक बड़ी खाई मौजूद है। इसी कारण आजादी के समय जिस उद्देश्य को लेकर पिछड़ों दलितों उत्थान के लिए आरक्षण के प्रावधान किए गए थे। सामाजिक न्याय की विरोधी ताकतों ने सत्ता में आने के बाद आरक्षण का मूल उद्देश्यों को नष्ट करने का काम किया है। सामाजिक न्याय की विरोधी विचारधारा के लोग चुनाव दर चुनाव आजादी से लेकर अब तक बार-बार सत्ता में आती रही और एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत पिछड़ों दलितों के संवैधानिक अधिकारों में कटौती करती रही। यह बात विश्वकर्मा चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पांचाल ने पानीपत में 11 फरवरी को सनौली रोड स्थित पुरानी सब्जी मंडी में होने वाली रैली का न्यौता देते हुए ग्राम वासियों को कही। उन्होंने कहा कि अगर केवल आरक्षण ही सामाजिक व आर्थिक समानता आती तो हमारे पिछड़ों दलितों व अल्पसंख्यक समाज की यह हालत न होती। आज बड़ी जरूरत है कि शोषित वंचित समाज के लोग अपनी सत्ता में समान हिस्सेदारी की लड़ाई लड? का संकल्प लें। श्री पांचाल ने कहा कि इसके लिए बड़े पैमाने पर हमें जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है ताकि इन वर्गों को सत्ता में समान हिस्सेदारी दिलवाई जा सके। इस अवसर पर उनके साथ ज्योतिबा फुले चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह सैनी सेवानिवृत तहसीलदार, एवं अखिल भारतीय जांगिड महासभा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पिछड़ा एवं चेतना मंच के संयोजक राजकुमार रोलीवाल, श्यामलाल गुर्जर, पिछड़ा दलित वर्ग के वरिष्ठ नेता दयानंद बैरागी, प्रेम बैरागी, दलित समाज के वरिष्ठ नेता अंग्रेज महाराणा, रामकुमार सैनी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# श्री श्याम संकीर्तन का किया गया भव्य आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )**

नई अनाज मंडी में श्री श्याम कृपा सेवा मंडल के तत्वावधान में श्री श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ बतौर मुख्यातिथि पूर्व विधायक रविन्द्र मच्छरौली ने किया। इस अवसर पर पंडाल को आकर्षक रूप से सजाया गया था। संकीर्तन में पहुंचने पर पूर्व विधायक का फूलमालाओं व पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

रविन्द्र मच्छरौली ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान हमारी संस्कृति की धरोहर हैं। हमें अपने व्यस्त समय में से कुछ वक्त सामाजिक कार्यों के लिए भी निकालना चाहिए। धार्मिक कार्यों में भाग लेने से मन स्वच्छ व निर्मल होता है। उन्होंने कहा कि श्री श्याम बाबा पर सभी की कृपा बनी रहे और बाबा के आशीर्वाद से वो हलके के लोगों की सेवा करते रहें। मंडल प्रधान सुभाष गोयल ने बताया कि शहर वासियों की सुख शांति के लिए मंडल द्वारा कई वर्षों से श्री श्याम बाबा का संकीर्तन करवाया जा रहा है। भजन सरताज सरदार हरमिंदर सिंह रोमी, प्रियंका चौधरी व विमल दीक्षित, संदीप तायल ने श्री श्याम प्रभु का गुणगान किया। भक्तगण भी बाबा के भजनों पर जमकर झूमे। श्याम बाबा के भजनों का तो गुणगान हुआ वहीं अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने और रामलला विराजमान होने पर राम आए हैं मैं अंगना सजाऊंगी से प्रियंका चौधरी ने भक्तों को मुग्ध किया। वहीं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा भंडारे की सेवा दी गई साथ जूते-चप्पल को रखने के लिए भी संस्था आगे रहीं। इस मौके भाजपा नेता कृष्ण छोक्कर पर मंडल अध्यक्ष सुभाष गोयल, रवि जैन व मनीष मितल, पंकज जैन, विजय जैन, विनीत जैन, रवि जैन, मनीष मितल, विक्की जैन, रिक्की गोयल, सुनील कौशिक, सतबीर गोयल, देवेन्द्र मितल, संजय गर्ग व पार्षद संजय गोयल आदि उपस्थित रहे।

# स्वयं रोजगार: बैंकों से उपलब्ध करवाया जा रहा ऋण

**खरखौदा/सोनीपत-सोमपाल सैनी**

**खरखौदा** : रविवार को द स्टैनफोर्ड स्कूल में रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जाँच कैंप आयोजित किया गया।

इस कैंप को चौधरी मामन सिंह नंबरदार ट्रस्ट एवं जीवन ज्योति जन कल्याण सेवा समिति द्वारा आयोजित करवाया गया। इस 14वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 54 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर लाभ उठाया वही स्वास्थ्य कैंप में 160 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जाँच करवाई। जिसमें 55 मरीजों को संस्था द्वारा चश्मे वितरित किए गए और फ्री दवाई भी वितरित की गई।



कैंप में मुख्य अतिथि के तौर पर धर्मबीर दहिया पूर्व रेड क्रॉस अधिकारी और महावीर सोनीपत ब्लड बैंक डारेक्टर ने रक्त दाताओं को बैज लगा कर प्रोत्साहित किया। कैंप में द स्टैनफोर्ड स्कूल थाना खुर्द के चैयरमैन उत्सव दहिया व जीवन ज्योति जन कल्याण समिति के अध्यक्ष सतेंद्र दहिया ने बताया कि कोई भी रक्तदाता को हर 3 महीने में रक्तदान करते रहना चाहिए। रक्तदान करते रहने से स्वास्थ्य संबंधित कोई बीमारी नही आती हैं।

और आपका स्वस्थ्य भी ठीक रहता है वही आपके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी एक परिवार की जान बचाने में मदद भी होती है। इससे शरीर में कोई भी कमजोरी या कोई और परेशानी नहीं होती।

आज के इस कैंप में स्कूल प्राचार्य संजीत नैन, अमित, प्रवीण, अमन, सिद्धांत, नीलम, मंजु, पिंकी, ममता, रीतिका, पवन, सुमित, परवीन, प्रवेश, नरेश, सुनील, संदीप, छौटू, सोनू, धर्मेंदर, मंजीत और सभी थाना खुर्द ग्रामवासियों का कैंप को सफल बनाने में पूरा पूरा सहयोग रहा।

# अंतरिम बजट सर्वसमावेशी है : पार्षद सुरेंद्र मदन मदान



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

**वार्ड 3 के निगम** पार्षद सुरेंद्र मदान ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट सर्वसमाज को लाभ देने वाला है । सर्वविदित है कि प्रधानमंत्री का फोकस इस बात पर है कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक अवश्य ही हो । पार्षद सुरेंद्र मदान ने कहा कि इसलिए ही प्रधानमंत्री चार जातियों यानि कि चार सेक्टरों पर ध्यान दे रहे हैं जिसमें युवा,गरीब,महिलाएं व किसान प्रमुख हैं । इन चारों ही बिंदुओं को केंद्र मानकर वित्तमंत्री ने घोषणाएं की है जैसे गरीबो के लिए गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 34 लाख करोड़ रुपये गरीबों के खातों में भेजे गए हैं जबकि राशन की योजना निर्बाध चल रही है । पार्षद सुरेंद्र मदन मदान।ने कहा कि इसी प्रकार 1करोड़ माता-बहनें लखपति बनी है जबकि आने वाले वर्षों में 3 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है ।

# सिंपल एनर्जी स्कूटर देने के नाम पर दिल्ली के युवक से 1.75 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**शहर** थाना में औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी करने वाले दिल्ली के युवक को सिंपल एनर्जी स्कूटर देने के नाम पर 1.75 लाख की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने गूगल पर नंबर सर्च कर उस पर कॉल की थी। जिसके बाद उन्हें स्कूटी देने के नाम पर ठगी की गई। ठग अब भी उनसे एक लाख रुपये मांग रहे है। पीड़ित के बयान पर सिटी थाना पुलिस ने अमानत में खयानत व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। राणा प्रताप बाग दिल्ली निवासी आशीष जैन ने बताया कि वह औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी करता है। उसे इलेक्ट्रिक स्कूटर लेना था। इसके लिए उन्होंने गूगल पर नंबर सर्च किया था। जिसके लिए सिंपल एनर्जी वन स्कूटर के बारे में पता लगा। उन्होंने नंबर पर बात की तो स्कूटर को बुक करने को कहा गया। उन्होंने 1947 रुपये में स्कूटर बुक करा दिया। उसके बाद किसी अजय ने कॉल कर 20 हजार रुपये जमा कराने को कहा। उन्हें बताया कि वह स्कूटर को दिल्ली भेज देंगे। फिर 68 हजार जमा कराने को कहा और बताया कि पांच हजार अलग से डिस्काउंट मिलेगा। उन्होंने वह भी जमा करा दिए। उसके बाद अलग-अलग चार्ज मांगे गए। उनसे 1.75 लाख रुपये ले लिए गए। अब उनसे फिर से एक लाख रुपये मांगे जा रहे है। साथ ही कहा जा रहा है कि वह पहले लिए रुपये वापस कर देंगे। उन्होंने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपितों ने बात करनी बंद कर दी।

# 'भविष्य उज्जवल बनाने के लिए पूरे प्रदेश को अब सिर्फ कांग्रेस शासन का इंतजार'

## महेंद्र सिंह कादियान बोले, हमारा जनता से वादा, कांग्रेस राज में जनता की सभी समस्याओं का समाधान होगा

**पानीपत/कमाल हुसैन**

करनाल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद पद के दावेदार चाणक्य पंडित ने रविवार को कांग्रेस के घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह कादियान के साथ हलके की ऊंझा रोड एकता विहार कालोनी, वार्ड-6 में गुरुनानक पुरा आदि कालोनियों में जनसभाओं को संबोधित किया।

इस दौरान चाणक्य पंडित ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पहले हाथ से हाथ जोड़ो सफल अभियान का समापन किया था। अब कांग्रेस ने एक नया अभियान घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस चलाया है। इससे हम पार्टी के कांग्रेस शासन के काम को और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे। हमारा यह काम मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि पूरा हरियाणा कांग्रेस शासन के इंतजार में है। उन्होंने कहा कि यदि आप सब साथ हैं तो हम पूरी मजबूती के साथ लड़ेगे। उन्होंने कहा कि



महेंद्र सिंह कादियान ने उन्हें बचपन से उंगली पकड़कर चलना सिखाया। वे उनके चाचा जैसे हैं। पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह कादियान ने कहा कि भाजपा सरकार से हर वर्ग त्रस्त है। हलके के लोगों की समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं। भाजपा के नेताओं को लोगों से सिर्फ वोट चाहिए, लेकिन जीतने के बाद समस्याएं सुनना तो दूर कोई नेता इधर आने की भी नहीं सोचता। यदि हलके की समस्याएं कोई हल करा सकता है तो वह सिर्फ कांग्रेस है। इसलिए आपसे विनम्र आग्रह है कि इस बार अपने चहेते नेता महेंद्र सिंह कादियान और चाणक्य पंडित को जिताएं। हमारा जनता से वादा है कि क्षेत्र में सभी समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने साफ कहा कि इस बार कॉलोनियों की जनता किसी के बहकावे में नहीं आएगी और कांग्रेस पार्टी को वोट देकर एक बार फिर प्रदेश में कांग्रेस का शासन लाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि वहीं देश और प्रदेश तरक्की करता है, जिसमें शिक्षा का स्तर बेहतर हो। उन्होंने कहा कि चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राज में चहुं ओर खुशहाली थी। हर किसी की सुनी जाती थी। जात-पात का कहीं कोई बोलबाला नहीं था। राम के नाम पर राजनीति भाजपा को खा जाएगी। राम सबके हैं और रहेंगे। भाजपा वाले कौन होते हैं राम को लाने वाले, बल्कि राम ही सबको लाएं हैं। भाजपा राज में आज हर बच्चा करीब डेढ़ लाख का कर्ज लेकर पैदा हो रहा है।

# लावारिस हाल में भटकी मिली 9 वर्षीय मद्धबुद्धि किशोरी को परिवार से मिलाया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

गांव राजपुर में रविवार की सुबह राजपुरा माईनर के पास सर्दी में ठिठुरती मिली 9 वर्षीय किशोरी को राजपुर के ग्रामीणों की मदद से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने कड़ी मशक्त के बाद सोशन मीडिया व पूछताछ कर लड़की को उनके परिजनों तक पहुंचाया। परिजनों ने ग्रामीणों व सब इंस्पैक्टर श्रीनिवास का आभार जताया। लावरारिस हाल में भटकती मिली लक्ष्मी नाम की किशोरी की शिनाख्त मध्यप्रदेश के गांव उमरी, जिला भिंड हाल निवासी नाथुपुर राई के योगेश गोयल की बेटी के रूप में हुई। गांव राजपुर के संदीप राठी ने




बताया कि उनके गांव का कृष्ण राठी रविवार को सुबह गांव के पास से गुजर रही माईनर के पास घुमने के लिए गया था तो उसे वह लापता लड़की मंदबुद्धि घुमती हुई दिखाई दी। किशोरी ठंड से ठिठुर रही थी। उसने पूछताछ की तो वह मंदबुद्धि होने के कारण कुछ बता नही पाई। वह उसे घर ले गया और सुखे कपड़े देकर ठंड से राहत दिलाई। उसके बाद संदीप के साथ मिलकर डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद बड़ी थाना से सब इंस्पैक्टर श्रीनिवास गांव में पहुंचे और किशोरी लड़की को घर जाने के लिए प्रेरित किया। उसके बाद किशोरी लड़की राजपुरा माइनर के साथ चलती हुई राजपुर पहुंच गई तो उन्हें सम-ा में आया कि किशोरी प्रवासी है और वह औद्योगिक क्षेत्र के पास के गांव की हो सकती है। पुलिस व ग्रामीणों ने सोशल मीडिया का सहारा लिया व आसपास के लोगों को दिखाया तो किशोरी की पहचान हो गई।

# महा शिवरात्रि पर हर वर्ष की तरह 9 मार्च को भंडारा लगाया जाएगा: समाज सेवा संगठन

**पानीपत/कमाल हुसैन**

समाज सेवा संगठन की मीटिंग अग्रवाल मण्डी स्थित समाज सेवा संगठन कार्यालय में अध्यक्ष प्रवीण जैन की अध्यक्षता में हुई। प्रवीण जैन ने बताया कि संगठन द्वारा 17 दिसंबर से 10 गर्म कपड़े वितरण अभियान व श्री राम शोभा यात्रा सहित 3 भंडारे का सफल कार्य संपन्न हुआ। जिसका लेखा जोखा आज कोषाध्यक्ष कैलाश जैन व सह कोषाध्यक्ष अमित जैन ने प्रस्तुत किया। 165487 लॉस संगठन मेंबर सुशीला जैन ने अपनी पॉकेट मनी से पूरा कर दिया। प्रधान प्रवीण जैन ने बताया कि महा शिवरात्रि पर हर वर्ष की तरह 9 मार्च को भंडारा लगाया जाएगा व संगठन की कोशिश



होगी समाज सेवियों के सहयोग से जहां जरूरत हो ज्यादा से ज्यादा वाटर कूलर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि आज के समय में शुगर की बीमारी बहुत फैली हुई है। सप्ताह में 2 दिन बुधवार व रविवार सुबह 11 बजे से 1 बजे तक शुगर के मरीजों को मुफ्त देसी दवाई दी जाएगी। यह कामयाब दवाई है और अभी तक काफी सदस्य उसको आजमा चुके हैं।

इस अवसर पर प्रचार मंत्री नीरज जैन, सह सचिव मनोज गांधी, सदस्य अंकित माटा, मनीष गोस्वामी, शिवम, अशोक मखीजा, रमेश गुलाटी व ललित आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# 'पेंशन संकल्प महारैली में कर्मचारी करेंगे पुरानी पेंशन बहाली का जयघोष'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** पुरानी पेंशन सरकारी कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देती है तथा सरकारी कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है। पुरानी पेंशन को बंद करके केंद्र तथा राज्य सरकार ने कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात किया है। हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन(हसला) के राज्य उपप्रधान डॉ तरसेम कौशिक ने कहा कि पेंशन 11 फरवरी 2024 को जींद में आयोजित की जाने वाली पेंशन संकल्प महारैली में कुरुक्षेत्र से भारी संख्या में प्राध्यापक तथा अध्यापक साथी भाग लेंगे। आज पुरानी पेंशन संकल्प महारैली के लिए हसला राज्य कार्यकारिणी के सदस्य राजेश सैनी के सेक्टर 4 स्थित निवास पर एक आवश्यक



बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के प्राध्यापक तथा अध्यापक साथियों ने भाग लिया तथा जींद संकल्प महारैली के लिए आगामी रणनीति पर चर्चा की।डॉ तरसेम कौशिक तथा राजेश सैनी ने संयुक्त रूप से सभी साथियों से आह्वान किया कि सभी साथी 11 फरवरी 2024 को पेंशन संकल्प महा रैली में परिवार सहित भाग लेंगे। उन्होंने पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति के महासचिव महेंद्र शर्मा को आश्वस्त किया कि हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन के सभी साथी परिवार सहित पेंशन संकल्प महारैली में परिवार सहित भाग लेंगे तथा अपने सभी साथियों को भी रैली में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में राजेश सैनी, बंसीलाल, अली शेर, टीका सिंह, पीबीबीएस के जिला संयोजक रविदत्त शर्मा, कृष्ण दत्त, राजेंद्र बठला, सुभाष चंद, अशोक कुमार, पवन कुमार, बलवान सिंह, राम मेहर, अमरजीत सिंह, विक्रम सिंह, रमन, सुरेश राणा, संजीव जिंदल, सुरेंद्र कुमार, डॉ विश्व बंधु, जितेंद्र, भीम सिंह, सोहन लाल, रितेश कौशिक, सोमनाथ, अनिल कुमार, इंद्रजीत, रविंद्र कुमार, वीरेंद्र, राकेश,सतीश, अतुल शर्मा, रामकुमार, रामशरण, विवेक, श्रवण सिंह, धरमबीर, विनीत गुप्ता, अनिल कुमार, नरेश कुमार, देवेंद्र, राजेश कुंडु, धनपत राय, गुरचरण सिंह, भीम सिंह सहित कई साथियों ने शिरकत की तथा अपने विचार सांझा किए। डॉ तरसेम कौशिक ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि वे कर्मचारियों के हित में ओपीएस को बहाल करें क्योंकि ओपीएस स्कीम कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देती है।

# कलश यात्रा के साथ भागवत ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ

## सेक्टर-14 महाराजा अग्रसेन भवन में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ बड़े धूमधाम से किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सेक्टर-14 महाराजा अग्रसेन भवन में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ बड़े धूमधाम से किया गया। आज सुबह चिंतपूर्णी मंदिर से महिला श्रद्धालुओं ने ढोल बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जो सेक्टर 14 मार्केट से होते हुए वापिस कथा स्थल महाराजा अग्रसेन भवन में पहुंची। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन विशेष रूप से कलश यात्रा में शामिल हुई । इस अवसर पर कथावाचक परम् श्रद्धेय पूज्य साध्वी समाहिता दीदी जी श्री धाम वृन्दावन से पहुंची ।



इस अवसर पर कविता जैन ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व दुविधा का हल मिलता है। हिंदू धर्म में सभी ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ श्रीमद्भगवद्गीता मानी जाती है, क्योंकि इसमें व्यक्ति के जीवन का सार है। श्रीमद् भागवत में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिए हैं और इन उपदेशों की मदद से भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को इस संसार का सत्य बताते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है।

दोपहर में संगीतमय कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक परम् श्रद्धेय पूज्य साध्वी समाहिता दीदी ने प्रवचन कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। उनहोंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जागृत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के आयोजक प्रधान ओम प्रकाश ने

### संगीतमय कथा

8 महाराजा अग्रसेन भवन में 4 फरवरी से 10 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर दो बजे से प्रभु इच्छा तक संगीतमय कथा का आयोजन होगा

बताया कि महाराजा अग्रसेन भवन में 4 फरवरी से 10 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर दो बजे से प्रभु इच्छा तक संगीतमय कथा का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को सुबह 9.00 बजे हवन यज्ञ के समापन पर हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर महताब खत्री, राजेंद्र टाणु कुच्छल, मनीष गर्ग, अखिल कुच्छल, टिका राम मित्तल, पवन अग्रवाल, ओंकार दास गर्ग, संजय सिंगला, राजेश गुप्ता आदि भक्तगण एवं सैंकड़ो महिलाएं उपस्थित रही।

### न्यूज फ्लैश

## रोहित मिट्ठन बने युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव

**पानीपत/कमाल हुसैन**



रोहित मिट्ठन को प्रदेश युवा कांग्रेस हरियाणा का सचिव नियुक्त किया गया है। रोहित मिट्ठन ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, बढ़े भाई पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष सचिन कुंडू तथा युवा कांग्रेस हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी हाई कमान ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वो उस पर खरा उतरेंगे। वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे और युवा वर्ग को अधिक से अधिक संख्या में युवा कांग्रेस के साथ जोड़ेंगे।

## पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज, चार आरोपितों को सीआईए-1 ने किया गिरफ्तार

**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र में गुड़ मंडी के रहने वाले व्यापारी के लिए चार लोगों से ब्याज पर रुपये लेना मुसीबत बन गया। व्यापारी का आरोप है कि वह पूरी राशि ब्याज सहित लौटा चुके है। उसके बावजूद चारों आरोपित उनसे जबरन और रुपये मांग रहे हैं। उनके चेक लेने के साथ ही उनसे शपथ पत्र भी हस्ताक्षर करा रखा है। जिस पर पुलिस ने जबरन वसूली का मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए-1 की टीम ने चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों के पास से शपर्थ पत्र बरामद कर लिया है। गुड़ मंडी निवासी विनित मित्तल ने बताया कि उन्होंने व्यापार के लिए आशीष, मोहित, काला और राकेश से रुपये उधार लिए थे। उसने 12 फीसदी वार्षिक के ब्याज पर रुपये लिए थे। वह उनके रुपये ब्याज सहित लौटा चुके है। उसके बावजूद आरोपित उनसे लगातार जबरन रुपये वसूल रहे है। उनके पास उनके हस्ताक्षर किए गए चेक और शपथ पत्र भी है। वह धमकाकर रुपये ले जाते है और उनके घर आकर गाली-गलौज करते है। जब वह शहर में कहीं भी होते हैं तो आरोपित पकड़ कर उनसे पैसे ले जाते है। उनके डर से वह कई बार अपने घर भी नहीं जा पाते। उनसे उन्हें जान का खतरा बना हुआ है। जिस पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ जबरन रुपये मांगने के लिए दबाव बनाने, गालियां देने व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच सीआईए-1 को सौंप दी। मुकदमा दर्ज होने के बाद मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए के एएसआई अनिल कुमार की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित आशीष, मोहित, काला और राकेश को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों से पुलिस ने पीड़ित के हस्ताक्षर कराकर लिए गए चेक और शपथ पत्र को बरामद कर लिया है। मामले के जांच अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि पीड़ित ने चारों आरोपितों से करीब 30 लाख रुपये उधार लिए थे। उनका कहना है कि सभी रुपये लौटा चुके है। उसके बाद भी उन पर दबाव बनाया जा रहा था। आरोपितों से चेक व शपथ पत्र बरामद कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## चीनी मिल पेराई सत्र-कारखाने की सफाई प्रक्रिया पूरी होने पर फिर से शुरू किया पेराई

**सोनीपत :दो दिन** रुक-रुककर हुई बारिश की वजह से चीनी मिल के पेराई सत्र को प्रबंधन की तरफ से रोकना पड़ा था। गन्ना उत्पादकों द्वारा बारिश की वजह से गन्ना यार्ड में नहीं पहुंचा था। जिसके चलते मिल प्रबंधन की तरफ से कारखाने की सफाई के कार्य को पूरा कर लिया गया। शनिवार दोपहर बाद मिल की तरफ से पेराई सत्र को फिर से शुरू कर दिया। पेराई सत्र शुरू होने पर गन्ना उत्पादकों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल सोनीपत में पेराई सत्र 2023-24 की शुरूआत नवंबर माह में हुई थी। हाल में चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। पेराई सत्र में अब तक 13 लाख 34 हजार 600 क्विंटल गन्ने की पेराई का काम पूरा किया जा चुका है। चीनी मिल ने किसानों के साथ करीब साढ़े 33 लाख क्विंटल गन्ने का करार किया है। गत दिनों पहले दो दिन से रुक-रुककर हो रही बारिश के चलते मिल प्रबंधन को रविवार रात को पेराई सत्र को रोकना पड़ा। यार्ड में बारिश के चलते पर्याप्त गन्ना किसान लेकर नहीं पहुंचे। जिसके चलते रात को नो-केन की स्थिति प्रबंधन के सामने आकर खड़ी हो गई। प्रबंधन की तरफ से कारखाने में सफाई करने का समय मिल गई। प्रबंधन की तरफ से शनिवार दोपहर 12 बजे तक कारखाने में सफाई कार्य को पूरा कर लिया गया। उसके बाद फिर से पेराई सत्र को शुरू कर दिया।

# 'किसान 100 रुपये में नैनो यूरिया स्प्रे करवाने के लिए 15 तक करें आवेदन'

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**रासायनिक** उर्वरकों का इस्तेमाल कम करने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार किसानों को आधी कीमत पर नैनो तरल यूरिया देगी। सरकार की इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2024 है।

डीसी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कीम के तहत नैनो की बोतल 100 रुपये में दी जाएगी तथा बाकि खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। इतना ही नहीं है खेत में ड्रोन व अन्य माध्यम से छिड़काव का प्रबंध भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि

### खरीद शुरू

8 प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार किसानों को आधी कीमत पर नैनो तरल यूरिया देगी

रासायनिक उर्वरकों के ज्यादा प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता में गिरावट आती है। फसल व सब्जियों में इसका प्रभाव आता है नाइट्रोजन युक्त उर्वरक मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को कम करते हैं यह पीएच व पोटेशियम उर्वरक पोषक तत्वों के संतुलन को बिगाड़ देते हैं।

# पुलिस ने छात्राओं को दिया सेल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** जिला पुलिस द्वारा महिलाओ विशेष रुप से लडकियो को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस की टीमों द्वारा प्रतिदिन अलग अलग शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता कैंप लगाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीमो द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बच्चो व महिलाओ को समझाया जाता है कि बच्चे हर छोटी बड़ी बातें अपने माता-पिता से हर रोज सांझा करें ताकि कोई अनहोनी न हो। अधूरी जानकारी होने के कारण बच्चों के साथ अधिक शोषण होता है



इसलिए जागरूकता में ही बचाव है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को, विशेष रूप से महिलाओं एवं लड़कियों को. उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। रविवार को महिला निरीक्षक सीमा की टीम ने नवोदय विधालय निवारसी लाडवा में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन कर छात्रायों को महिला विरुद्ध होने अपराधो के बारे में जानकरी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सेल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया । लड़कियों को

### जागरूक

8 प्रतिदिन अलग अलग शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता कैंप लगाये जा रहे हैं

सम्बोधित करते हुए निरीक्षक सीमा ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है।

उन्होंने बताया कि महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हेल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है।

# भगवान परशुराम सेवा समिति का मासिक हवन यज्ञ आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

भगवान परशुराम सेवा समिति रजि (1069) अम्बाला कैन्ट का मासिक हवन यज्ञ फरवरी महीने के पहले को भगवान परशुराम मंदिर नग्गल करधान अम्बाला कैन्ट में समिति के पुरोहित पंडित दीपलाल जयपुरी द्वारा विधि विधान से विनायक पूजन, वेदी पूजन, एवम 108 भगवान श्री परशुराम गायत्री मंत्र द्वारा यज्ञ करवाया गया। इस हवन में मुख्य यजमान समिति के हवन इंचार्ज सतीश शर्मा और उनकी धर्म पत्नी सुमन शर्मा थे।

हवन के बाद समिति के महासचिव सुरिंदर राजू शर्मा ने सभी समिति के सदस्यों एवम जिले के सभी ब्राह्मणो को यह सूचना दी कि आने वाली



15 फरवरी को हमारी समिति मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा करवाने जा रही है। इस अवसर पर उनोहने कहा की 15 फरवरी को नग्गल करधान मंदिर में भगवान श्री परशुराम जी, शिव परिवार, हनुमान जी,गणेश जी,राधा कृष्ण,दुर्गा माता,की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी शुभ अवसर पर हमारी समिति नव निर्मित धर्मशाला की नींव की आधारशिला भी करेगी। भगवान श्री परशुराम राम जी प्रत्येक ब्राह्मण के ईस्ट है। अतः समस्त समिति के सदस्य इस नेक कार्य से खुश है। इस शुभ अवसर पर

समिति के हवन इंचार्ज सतीश शर्मा ने सभी धार्मिक संस्थाओं से आवाहन किया की आने वाली 15 फरवरी को समिति के सभी सदस्यगण इस शुभ कार्य मे बढ़ चढ़कर भाग ले। इस शुभ कार्य मे धूप, दीप, मिष्ठान परशुराम जी की प्रतिमा पर अर्पण करें उसके बाद

### धार्मिक पर्व

8 भगवान परशुराम धर्मशाला बनाने के लिए 15 फरवरी के शुभ दिन भूमि पूजन की तैयारी जोरों पर है

शाम के वक़्त भी धूप, दीप जलायें श्री परशुराम जी प्रतिमा पर। ऐसा करने से हमारे धार्मिक पर्व जाग्रत रहेंगे। इसके अतिरिक्त सुरिंदर राजू ने बताया कि नग्गल करधान में मंदिर बनने से आस पास के गाँव मे लोगों में पूरा जन समर्थन मिल रहा है ।

भगवान परशुराम सेवा समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने कहा कि आने वाली 15 फरवरी को इस मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में सभी समिति के सदस्य एकत्रित हो। समिति के खजांची सुरेश कौशिक ने ये भी कहा कि समिति मंदिर के सामने भगवान परशुराम धर्मशाला बनाने के लिए 15 फरवरी के शुभ दिन भूमि पूजन की तैयारी जोरों पर है, और जनता के सहयोग से जल्दी ही धर्मशाला का निर्माण कर दिया जाएगा।समिति के सदस्य राजीव शर्मा ने कहा कि समिति 15 फरवरी को श्री परशुराम मंदिर बनने की खुशी मे एक विशाल भंडारा भी करेगी ।हवन यज्ञ में सुरिंदर राजू शर्मा,सतीश शर्मा,सुमन शर्मा,रजनीश शर्मा,सुरेश कौशिक,गोपाल शर्मा, राजीव शर्मा, हनी नगर, रमन शर्मा, डॉ राकेश शर्मा ओर अन्य बहुत से सदस्य माजूद रहे।

## गोली मारकर घायल: आरोपित जांच में शामिल

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना पुलिस ने गोली मारकर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित को जांच में शामिल किया है। आरोपित पवन उर्फ पोना निवासी जीवन विहार का है। पुलिस ने आरोपित को बेल पर रिहा कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। शिव कॉलोनी निवासी निशांत ने गत 1 सितंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपने दोस्त के साथ ऑटा मिल पर जा रहा था। स्कूटी सवार लड़कों के साथ उनकी कहासुनी हो गई। उसके बाद जब वह ऑटा मिल पर पहुंचे।

# साईबर फ्राड होने पर डायल करें हैल्पलाईन नं.1930 : एसपी जशनदीप सिंह रंधावा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** साइबर अपराधी अपराध के नए.नए तरीके अपना रहे हैं। आमजन जरा सी समझदारी और सावधानी से साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बच सकते हैं। यह कहना है पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा का। अम्बाला पुलिस की ओर से साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस समय.समय पर अभियान चला रही है। आमजन को साइबर अपराधों से बचने के लिए सचेत रहना जरूरी है। साइबर



अपराधों से बचने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर क्राइम का शिकार होता है तो तुरंत भारत सरकार की ओर से जारी साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर काल करें। किसी कारण से 1930 नंबर नहीं मिलता है तो आमजन साइबर धोखाधड़ी के मामलों में अपनी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल वेबसाइट साइबर क्राईम डाट जीओवी डाट इन पर या नजदीकी थाना में साइबर हेल्प डेस्क साइबर थाना अम्बाला में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत तुरंत करने पर आपका पैसा वापस आ सकता है। 1 1930 डायल करके फ्राड की सूचना तुरन्त दें।2 जैसे ही आप डिटेल्स शेयर करेंगे बैंक इस पर तुरन्त एक्शन लेगा और जिस खाते में पैसे गए है उस खाते को फ्रीज कर देगा ताकि आपका पैसा सुरक्षित रहे।

## गाड़ी छीनने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: मुरथल** थाना पुलिस ने हथियार के बल पर गाड़ी छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमिल निवासी रोहतक हाल में समयपुर बादली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया।

जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव कामी निवासी रविंद्र ने गत 30 दिसंबर को शिकायत देकर बताया था कि वह अपने दोस्त के साथ गांव नांगल खुर्द मैन जीटी रोड पर परचून की दुकान के सामने खड़ा था।

# युवाओं ने दिखाई कांग्रेस पार्टी में आस्था

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत शहरी** विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी संजय अग्रवाल के कार्यालय में पानीपत शहरी विधानसभा के युवा साथियों ने कांग्रेस पार्टी में अपने आस्था दिखाते हुए शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने सभी युवा साथियों को पटका पहनकर कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। वही बताया कि आज जिस प्रकार से बीजेपी सरकार की गलत नीतियों के कारण पूरे भारत का युवा हताश है वही गलत नीतियों से तंग आकर दिन प्रतिदिन युवा कांग्रेस पार्टी की ओर अपना विश्वास जता रही हैं ऐसे में आज हमारे पानीपत शहरी विधानसभा की



युवा साथी कांग्रेस पार्टी में आस्था दिखाते हुए शामिल हुए। सभी साथियों का पार्टी में शामिल होने पर बहुत-बहुत स्वागत है। वहीं कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने बताया कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है आने वाले 2024 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है

जिसमें सबसे बड़ी भागीदारी युवाओं की होगी। वहीं पानीपत शहरी विधानसभा के युवा साथी विवेक कालरा और विकास सैनी ने बताया कि आज हम मौजूदा सरकार की गलत नीतियों के कारण बहुत दुखी है ऐसे में संजय अग्रवाल की विचारों से प्रेरित होकर एवं उनके काम करने के ढंग से प्रेरित होकर आज कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं वहीं आने वाले 2024 के चुनाव में पूर्ण रूप से कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल के नेतृत्व में काम करेंगे। वही आज मेरे युवा साथी विशाल,कपिल, राहुल, राजू,ऋतिक,संजय,अमन,बॉबी, अर्जुन, ानी, मनीष,अमित,रोहि, सुमित,आकाश,अंकुश, कुनाल ,हैप्पी, राजकुमार, साहिल, भानु, नितिन,आर्यन,देशबंधु,अनुज आदि साथी

मेरे साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। वही इस अंकित गहलोत, मनीष रावल, प्रवीण, अंकुश ढींगिया,संदीप भार्गव ,राणा आदि मौजूद रहे।

# महर्षि स्वामी दयानन्द की 200वीं जयंती के उपलक्ष में सफाई अभियान चलाया

## आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत का एक ऐसा विद्यालय है जहॉ पर बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कार देने का कार्य भी किया जाता है

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**

आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के तत्वाधान में आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत में महर्षि स्वामी दयानन्द की 200वीं जयन्ती के उपलक्ष में सफाई अभियान चलाया गया । इस अवसर पर आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रबन्धक समिति के प्रधान विरेन्द्र आर्य, प्रबन्धक रामपाल जागलान, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र जागलान, मेहर सिंह आर्य तथा प्राचार्य मनीष घनगस मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य मनीष घनगस ने बताया कि आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत का एक ऐसा विद्यालय है जहॉं पर




बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कार देने का कार्य भी किया जाता है। पानीपत के आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एन सी सी, एन एस एस व स्काउट के विद्यार्थियों ने सफाई अभियान में हिस्सा लिया। आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रबन्धक समिति के प्रधान विरेन्द्र आर्य ने कहा कि एन सी सी का उद्देश्य युवा नागरिकों के बीच अनुशासन, चरित्र, भाईचारे, साहसिक कार्य की भावना और निस्वार्थ सेवा की संकल्पना विकसित करना है। इतना ही नहीं, इसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व के गुणों को जगाना भी है, जो भी करियर चुनते हैं, वे राष्ट्र की सेवा करेंगे। प्रबन्धक रामपाल

### अभियान

8 आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एन सी सी, एन एस एस व स्काउट के विद्यार्थियों ने सफाई अभियान में हिस्सा लिया

जागलान ने कहा कि स्वैच्छिक समुदाय सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के प्राथमिक उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) को शुरू किया गया था। एनएसएस का उद्देश्य ह्यसेवा के माध्यम से शिक्षाह्न है। एन एस एस की वैचारिक उन्मुखता महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रेरित है। एन एस एस का आदर्श वाक्य ह्लनॉट मी, बट यूह्व है। एक एन एस एस स्वयंसेवी ह्यस्वयंह्न से पहले ह्यसमुदायह्न को स्थान देता है। यह शिक्षा के तीसरे आयाम का हिस्सा है । इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए कोषाध्यक्ष राजेंद्र जागलान ने कहा कि स्काउट और गाइड स्कूली शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे छात्रों में समग्र विकास होता है। मूल्यों और सिद्धांतों में गहराई से निहित ये संगठन चरित्र निर्माण और नेतृत्व कौशल में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। स्काउटिंग और मार्गदर्शन का एक प्रमुख पहलू जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना पैदा करना है।

# कन्या भ्रूण हत्या की सूचना देने पर मिलेगा 1 लाख का इनाम

**पानीपत/कमाल हुसैन**

उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या करने व करवाने वालों की सही सूचना देने वालों को सरकार द्वारा एक लाख रुपये तक का इनाम दिया जाएगा। ऐसी सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार व प्रशासन की ओर से कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट 1994 के तहत पंजीकृत सेंटर संचालक व डॉक्टर द्वारा पहली बार गर्भधारण पूर्व लिंग चयन और प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण संबंधी जुर्म करने पर 3 साल की कैद और 10 हजार रुपए जुमार्ना तथा इसके उपरांत पुनः जुर्म करने पर 5 साल कैद और 50 हजार रुपए जुमार्ना का प्रावधान है। पति/परिवार के सदस्य या लिंग चयन के लिए उकसाने वाले व्यक्ति के लिए एक्ट में पहले अपराध पर 50 हजार रुपए तक के जुमार्ने के साथ 3 साल तक की कैद तथा इसके उपरांत पुनः अपराध करने पर एक लाख रुपये तक जुमार्ने के साथ 5 साल तक की कैद का प्रावधान एक्ट में किया गया है। लिंगानुपात बढ़ाने के लिए सभी को

**एकजुट होकर करने होंगे सामूहिक प्रयास : डीसी**

उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिलावासियों से जिला को लिंगानुपात के मामले में पहले पायदान पर लाने का आह्वान करते हुए कहा कि लिंगानुपात को बढ़ाने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि बेटियां अनमोल हैं और इन्हें भी दुनिया में आने का पूरा हक है। उन्होंने कहा कि केवल बालिका दिवस व महिला दिवस मनाने से कन्या भ्रूण हत्या समाप्त नहीं होगी। इसके लिए हम सबको मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे।

# लोकसभा सहप्रभारी बनने पर पवन खत्री का किया स्वागत







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** युवा नेता पवन खत्री (मोनी) को किसान मोर्चा उत्तर पश्चिमी लोकसभा का सह प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। साथ ही आशा और विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में भाजपा और मजबूत होगी। सहप्रभारी बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं व विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियो ने पवन खत्री के कार्यालय पर पुष्पगुच्छ व अंग वस्त्र देकर बधाई दी। इस दौरान नवनियुक्त सहप्रभारी पवन खत्री (मोनी) ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताकर उन्हें अहम जिम्मेदारी दी है वह उसे कार्यकर्ताओं के सहयोग और दिल्ली प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष विनोद सहरावत के योग्य मार्गदर्शन में पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। पवन खत्री ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं को संगठित करना है।

इस अवसर पर बधाई देने वालों में देवभूमि उत्तराखंड एकता मंच नरेला के अध्यक्ष नरेंद्र भैसोड़ा, महासचिव आनंद पपनै, कोषाध्यक्ष संजय बूडाकोटी, मनोहर रावत, दिनेश बिष्ट, सुंदर रावत, पूर्ण खुलवे, चंद्रमणि जोशी, सतीश कुकसाल, भगवान कार्की, जगदंबा सती, नंदबल्लभ मिश्रा, अचल मिश्रा, प्रवीण पुंज सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बाबा बचन सिंह ने पंथ की अमूल्य सेवा की, उनके खिलाफ दुष्प्रचार करना निंदनीयः सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि दिल्ली के यमुना पार इलाके में गुरु का बाग दिल्ली की कार सेवा जो कि पंथ रतन बाबा बचन सिंह द्वारा की जा रही है।

उस मामले में श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी रघबीर सिंह द्वारा दिल्ली के नेता मंजीत सिंह जी.के. से सबूत तलब करने के फैसले का वह स्वागत करते हैं।



आज यहां जारी एक बयान में सरदार काहलों ने कहा कि पिछले कुछ समय से इस जमीन को लेकर कई प्रकार की विवादास्पद बयानबाजी चल रही थी। आज ज्ञानी रघबीर सिंह ने मंजीत सिंह जी.के. को एक पत्र जारी कर सबूत मांगा है। उन्होंने कहा कि डेरा के सेवादारों के लिए भू-माफिया, जैसे शब्दों का इस्तेमाल बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, पंथ रत्न बाबा हरबंस सिंह द्वारा वरोसाऐ बाबा बचन सिंह जी ने कौम के अनेक कार्यों में महान सेवाएं प्रदान की हैं। ऐसे उच्च पदस्थ व्यक्तियों के लिए इस तरह के बयान देना बहुत ही निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि अब जबकि सिंह साहिब ने मंजीत सिंह जी.के. से सबूत मांगे हैं तो तो इस मामले की पूरी सच्चाई संगत के सामने आ जाएगी और एक बार फिर मंजीत सिंह जी.के. बेनकाब होंगे।

# आप नेता सुरेश शर्मा ने आरडब्ल्यूए के साथ की बैठक





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहांगीरपुरी** वार्ड में टिम्सी सुरेश शर्मा के पार्षद बनने के बाद से सफाई व्यवस्था में जहां एक और सुधार हुआ है, वहीं दूसरी और पार्कों और सड़को की स्थिति में भी काफी सुधार देखा जा रहा है। लोगों को समस्याओं से न जूझना पड़े इसको देखते हुए पार्षद पति सुरेश शर्मा भी निरंतर लोगों के साथ बैठक कर लोगों की समस्याएं सुन उनकी समस्या का समाधान करवा रहे है। साथ ही निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रही है, जिससे की जनता की समस्याओं का हल हो सके और जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सके। इसी कड़ी में पार्षद पति और आप नेता सुरेश शर्मा ने गुरुनानक देव कॉलोनी आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमे कॉलोनी के विकास पर चर्चा हुई। आप नेता सुरेश शर्मा ने निरीक्षण के दौरान लोगों से कहा कि अगर आपको किसी भी प्रकार की परेशानी है तो आप पार्षद कार्यालय पर भी संपर्क कर सकते है, आपकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर आप नेता सुरेश शर्मा के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नरेला जोन के डीसी ने मिटाया पंद्रह साल पुराना कलंक : राजव्रत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
समाजसेवी राजव्रत ने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिक अधिकार आंदोलन पिछले कई सालों से सेक्टर ए-7 डीडीए के स्मृति वन के साथ मेन गेट के कोने पर अवैध रूप से चल रहे ढलाव घर को हटाने के लिए एमसीडी नरेला जोन से सात जुलाई, 2022 से लगातार पत्राचार कर संघर्ष कर रहा था। किंतु संगठन को तत्कालीन उपायुक्तों से किसी भी तरह का सकारात्मक सहयोग नहीं मिला। जबकि यह कूड़ेदान इस पार्क के भ्रमण से हर रोज स्वस्थ रहने के लिए हजारों यूजर्स के संजीवनी/शुद्ध ऑक्सीजन लेने में प्रमुख रोड़ा अटका हुआ था। कुछ दिन पूर्व


पहले की स्थिति


वर्तमान की स्थिति

यानि चौदह दिसंबर, 2023 को नरेला जोन के उपायुक्त सी एस यादव को फिर से नागरिक अधिकार आंदोलन द्वारा एक पत्र लिखकर इसे हटाने की मांग की गई। उपायुक्त महोदय ने उक्त मामलात पर तुरंत कार्रवाई करते हुए अपने सेनेटरी सुपरवाइजर रविंद्र चौहान, सैनेटरी इंस्पेक्टर रजनीश शर्मा तथा एएसआई विजय कुमार सिंह की टीम के द्वारा दिया इस स्मृति वन के कूड़ेदान को मटियामेट कर इस पार्क के माथे पर 15 सालों से लगे हुए कलंक को साफ कर दिया गया। इस साहसिक कार्य के लिए नागरिक अधिकार आंदोलन उनका तथा उनकी टीम का आभार व्यक्त करता है। इसी स्वच्छता अभियान की कड़ी में नरेला क्षेत्र में इन्होंने कई महत्वपूर्ण कार्य और भी कराये हैं जैसे गैस गोदाम तथा रामदेव चौक जिस पर बदबू मारते दो बेतरतीब फैले कूड़ा घर थे, उन्हे खत्म कराकर बदबू रहित कूड़ा एकत्रीकरण हेतु कंपैक्टर लगाना भी सराहनीय कार्य हैं। हमारा संगठन उनके इन कार्यों को काबिले तारीफ मानता है। नागरिक अधिकार आंदोलन के बैनर तले हस्ताक्षर करने वाले सत्तर यूजर्स द्वारा दिए गए ज्ञापन में सर्व धर्मपाल वर्मा, पूर्व डीटीसी अधिकारी, तैयब हुसैन, सन्नी खोबा, प्रवीन, वर्मा, कर्मवीर गौड, सूबे सिंह करियाणा, सिंघोला, मास्टर रवि, रतन, टिकरी, राजेश गोयल, नरेला मंडी, सुनील, मंजू, फरजाना, सानिया कुरैणी, जगदीश बागेश्वर पूर्व राजपत्रित अधिकारी, प्रवीण जैन, जय भगवान जैन, शिवाजी नगर, ओम दत्त, बबलू खत्री, रोहित, मास्टर कॉलोनी, सुरेंद्र महरौलिया, राजेश दहिया प्रमुख है। इसके साथ ही नागरिक अधिकार आंदोलन नरेला क्षेत्र के निवासियों से अनुरोध करता है कि जब निगम की गाड़ी लगातार आपकी गलियों में कई-कई बार सफाई संबंधी गीतों के साथ कूड़ा एकत्र करने की फेरी लगाती है तो उसमें कूड़ा डालकर उसका सदुपयोग कर उनको सहयोग करने की आदत डालें। इससे हम सभी का जनजीवन एवं स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और क्षेत्र भी स्वच्छ होगा।

# नरेलाः श्री खाटू श्याम संकीर्तन में जमकर झूमे श्रद्धालु







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** के शिव शक्ति अपार्टमेंट में श्री श्याम महिला मंडल द्वारा श्री खाटू श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने श्याम दरबार में सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। संकीर्तन में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। बाहरी दिल्ली के नरेला में हरिश्चंद्र रोड़ स्थित शिव शक्ति अपार्टमेंट में शनिवार को श्री श्याम महिला मंडल की ओर से श्री खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया। जिसमें सभी भक्तों ने श्याम पूजन किया। श्री श्याम संकीर्तन का शुभारंभ श्री श्याम महिला मंडल द्वारा श्याम दरबार में जोत प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद चंदन तिलक लगाकर पंक्तिबद्ध होकर सभी श्रद्धालुओं ने श्याम दरबार में माथा टेका। संकीर्तन में एनम अग्रवाल, किशन गुप्ता, तक्षु गोयल आदि कलाकारों ने श्याम प्रभु खाटू वाले के भजनों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देखकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। शाम 6 बजे से शुरू हुए संकीर्तन में देर रात श्रद्धालु श्याम भजनों पर झूमते रहे। इस दौरान हर के सहारे की जय, श्याम बाबा की जय के जयकारों से पूरा पंडाल गूंजयामान रहा। संकीर्तन में श्याम दरबार, इत्र वर्षा, 56 भोग, पुष्प वर्षा आकर्षण के केंद्र रहे। संकीर्तन पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। कार्यक्रम की व्यवस्थाएं श्री श्याम डेकोर एंड कीर्तन प्लानर द्वारा की गई। संकीर्तन में सैकड़ो की संख्या में श्री श्याम भक्त मौजूद रहे।

# देश में फिर लहरायेगा भाजपा का परचमः देवेन्द्र रिडला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश के भाजपा नेता देवेन्द्र रिडला ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के हित में कार्य करती है, आज जो आप देश में विकास देख रहे है, इसका श्रेय केवल भाजपा को ही जाता है।

उन्होंने आगे कहा कि देश में फिर भाजपा का परचम लहरायेगा। श्री रिडला ने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह पूरे नहीं हो रहे है, जिसके चलते



लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आज दिल्ली की कई कॉलोनियों में पानी न आने की वजह से दिल्ली की जनता को बाहर से मंहगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है।

# बुराड़ीः बिहार के लेनिन बाबू जगदेव प्रसाद की 102वीं जयंती समारोह का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाल** हंस रोज पटेल वाटिका नत्थूपुरा, बुराड़ी में अमर शहीद बिहार के लेनिन बाबू जगदेव प्रसाद का 102वां जयंती समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वाधान में मनाये गये जयंती समारोह में दिल्ली, बिहार, राजस्थान, हरियाणा व उत्तरप्रदेश सहित अनेक राज्यों के सैनी, शाक्य, मौर्य, कुशवाहा, दांगी समाज के प्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं समाज के राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक नेताओं ने सम्मिलित होकर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए एकरुपता का परिचय दिया। समारोह का उद्घाटन अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा (भारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. वर्मा ने मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए कहा कि पिछड़ों, शोषितों एवं उपेक्षित वर्गों को सम्मान एवं अधिकार दिलाने वाले महापुरुष अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद जी ने एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर क्रांतिकारी विचारधारा से प्रभावित होकर समतामूलक समाज की स्थापना हेतु संघर्ष करते हुए शहादत पाई, उन्हीं की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाकर हम राष्ट्र निर्माण में अपना पूर्ण योगदान कर सकते हैं। समारोह की अध्यक्षता शकुन कॉन्यूमर प्रोडक्ट प्रा. लि. के सीईओ अरुण कुमार शाक्य ने की। मुख्य वक्ता के रुप में प्रोफेसर बलेन्द्र कुमार, राजेन्द्र सिंह यादव, पूर्व निगम पार्षद रेखा सिन्हा, अमरेन्द्र सिंह, अलीगढ़ सैनी समाज के नेता बिजेन्द्र सैनी, अलीगढ़ कुशवाहा समाज के नेता विजयपाल सैनी, कैलाश सिंह,





अवधेश मेहता, सुरेन्द्र यादव, सुंदर सुमन ने जगदेव बाबू जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। अर्जित सैनी व कुमारी तनू सैनी द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने श्रोताओं का मन मोह लिया। 'बाबू जगदेव सिंह आयेंगे, शोषितों को न्याय दिलायेंगे' के गीत पर उपस्थित जनसमूह की आंखों को नम करने में कुमारी तनू व अर्जित सैनी ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। समारोह के उद्घाटनकर्ता अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने भारत के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबाराव फुले जी, बाबू जगदेव प्रसाद, शाक्य मुनि, भगवान गौतम, बुद्ध चक्रवर्ती, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, राजा भागीरथ, सुरसैन महाराज को अपना कुलपुरोधा बताते हुए कहा कि देश में एकरुपता लाने हेतु उनके द्वारा बताये हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता पर बल दिया। विधायक संजीव झा ने विशिष्ट अतिथि के रुप में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक भारतवाषी की राष्ट्र के प्रति कर्तव्य प्रेम, समर्पण भावना होनी चाहिए। समय रहते यदि सावधानी और जागरुकता नहीं आई तो भ्रष्ट्राचार, आतंकवाद, भ्रष्ट राजनीति की कुटनीति के कारण भारत में गरीब और अमीर के बीच की खाई कम होने की बजाय बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बाबू जगदेव प्रसाद ने शोषितों एवं दलितों के लिए संघर्ष किया, उसी से प्रेरणा लेकर आप पार्टी पूरे भारतवर्ष में दलितों एवं शोषितों को उनका अधिकार दिलाने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में संघर्ष कर रही है। जयंती समारोह के संयोजक डी.के. सिन्हा ने आयोजक समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर शर्मा, दिग्विजय प्रियदर्शी, उपाध्यक्ष दिनेश मेहता, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू कुशवाहा, महासचिव दिल्ली डॉ विरेन्द्र वर्मा, कोषाध्यक्ष दिलीप वर्मा, ऑडिटर ए.के. सिन्हा, महिला प्रदेश अध्यक्ष संगीता कुमारी, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष माधुरी मौर्या, विनोद महतो, सैंडी कश्यप, राकेश भगत, भुवनेश्वर कुशवाहा, राजेन्द्र कुशवाहा, राजेन्द्र मेहता, रामेश्वर महतो, दिनेश कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, डीपी सिंह, मुंशी सिंह, सरयु नारायण कुशवाहा, प्रमोद कुमार सिंह, अनिल कुमार पटेल, अरुण कुमार पटेल सहित संस्था के सभी पदाधिकारियों को समारोह की सफलता पर बधाई दी। समारोह को सफल बनाने हेतु श्याम कुशवाहा, दीपक सैनी, राम नरेश कुशवाहा, दिनेश मौर्या, सोनू सैनी, कैलाश कुशवाहा, सोनू कुशवाहा, विकास महतो, चंद्रशेखर यादव, जितेन्द्र कुशवाहा, ओमवीर सैनी, मिथिलेश मौर्या, दिनेश शाक्य, सीमा ठाकुर, आशुतोष कुशवाहा, धर्मेन्द्र कुशवाहा, नरेन्द्र सिंह, अरुण यादव, रमेश यादव, कुंज बिहारी शाक्य, अर्जुन कुमार सिंह, सुरेश कुमार, सतीश साहनी, बिन्देश्वरी साहनी, चंद्रगुप्त मौर्य नवल किशोर सिंह, राम ललित कुशवाहा, महेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, नवल सिंह, बी.एन. सिंह, कुमार अंकित, सुरेन्द्र कुशवाहा, मुनेश्वर प्रसाद, प्रदीप मौर्या, दिनेश कुशवाहा, राजकुमार शाक्य, उद्देश्य कुमार, कामता दांगी, अमरेन्द्र कुशवाहा, भूषण प्रसाद, आलोक कुमार, राकेश कुमार मौर्या, राणा प्रताप कुशवाहा, राजाराम मेहता, दिलीप सिंह, अजय सिंह, राजकुमार कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, जलेश्वर सिंह, रमेश कुशवाहा, विद्यानंद पटेल को सम्मानित किया गया।

# भगवान श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे

## गांव राजलू गढ़ी में भक्त जगजीत के आवास पर कथा में उमड़े श्रद्धालू

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन गांव राजलू गढ़ी में जगजीत भक्त के परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक राजीव शास्त्री वृद्धावन ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म व उनकी लीलाओं की कथा का वर्णन हुआ। भगवान श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा वाचक राजीव शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भक्तों का उद्धार व पृथ्वी को दैत्य शक्तियों से मुक्त कराने के लिए अवतार लिया था। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती




है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। राजा बलि की कथा श्रवण कराया गया जिसमे वामन अवतार का भी दर्शन करवाया गया। कथावाचाक राजीव शास्त्री ने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है तो संकल्प लेना जरूरी है हर बच्चे को अपने माता-पिता की बातों को मानना चाहिए और सबसे बड़ा भगवान माता-पिता ही होता है जिनके ऊपर माता-पिता का आशीर्वाद है उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है। साथ-साथ हर एक माता-पिता को चाहिए अपने साथ अपने बच्चों को भागवत कथा हो सत्संग हो कीर्तन हो अपने साथ जरूर लाना चाहिए क्योंकि धर्म की कथा सुनने से बच्चों में संस्कार अच्छी आती है।

अपने जीवन को कृतार्थ करने के लिए भगवान के प्रति अन्य विश्वास रखना चाहिए।

**वर्णन**

8 वृद्धावन ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म व उनकी लीलाओं की कथा का वर्णन हुआ

# सर्द मौसम के बीच सरस मेले में गर्म कपड़ों की खरीदारी जोरों पर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**सर्द मौसम के** लौटने के साथ ही सेक्टर 34 स्थित सरस मेले में गर्म और उनी कपड़े खरीदने वाले स्थानीय लोगों को एक बार फिर तांता लगा रहा। तापमान गिरने से लोगों को महसूस हो रही ठंड के साथ सरस मेले में गर्म कपड़ों के स्टॉल्स पर भीड जुटी। मेले में हस्त निर्मित उत्पादों में कपड़ों की व्यापक रेंज बिक रही है। कुल्लू, लाहौल और स्पिति, मंडी, कांगड़ा, शिमला और सिरमौर आदि जिलों की उद्यमी महिलाओं ने गर्म कपड़ो प्रदर्शित और बिक्री के लिये रखे हुये हैं। इनमें हाथ से बुने हुये शाल, पट्ढ, जुराबे, टोपियां, दस्ताने, कंबल, मफलर आदि उनी कपड़ों की भरमार है। यह महिलायें अपने अपने सेल्फ



हैल्प ग्रुप्स के माध्यम से अपने हाथों से बनाया हुआ समान बेचती है।

प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के रुरल लाइवलीहुड मिशन के तहत इन महिला उद्यमियों को चंडीगढ़ जैसी मार्केट में बेहतरीन प्लेटफार्म प्रदान करवा उन्हें सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य का कार्य: रेनू बाला गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया /करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जेसीआइ करनाल, जिला रेडक्रास सोसायटी, मानव सेवा संघ एवं करनाल केमिस्ट एसोसिएशन की ओर से मानव सेवा संघ में थैलीसीमिया रोग से पीड़ित बच्चों के लिए 34वां विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला एवं पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता और



स्वामी प्रेममूर्ति जी महाराज ने मुख्य रूप से शिरकत की। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने बताया कि शिविर में 325 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया और 293 यूनिट रक्त इक्ठा किया गया। उन्होंने बताया कि रक्तदान से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती। इससे जहां हम किसी जरूरतमंद मरीज की जान बचाने में सहायता करते हैं, वहीं नियमित रक्तदाता को भी बहुत सी बीमारियों हाई ब्लड प्रेशर, दिल का दौरा, अधरंग, चर्म रोग आदि से भी छुटकारा मिलता है। शिविर में जेसी रवि नंदन गर्ग, जेसी नवीन गुप्ता, जेसी कपिल गुप्ता, जेसी प्रमोद बंसल, जेसी सुनील मलिक, जेसी डा. राजीव पंवार, जेसी रजत गुप्ता, जेसी आशीष जिंदल, राम प्रसाद गोयल, आशीष जुनेजा आदि मौजूद रहे।

### बॉम्बे हाई कोर्ट ने ने म्युजिक लाइसेंसिंग ऑथोरिटी की पुष्टि की: पीपीएल ने कानूनी लड़ाई में ऐतिहासिक जीत हासिल की

**एक** उल्लेखनीय फैसले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने कॉपीराईट सोसाइटी के रूप में पंजीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए म्युजिक लाइसेंसिंग के दिग्गजों फोनोग्राफिक परफोर्मेन्स लिमिटेड (पीपीएल) और नोवेक्स कम्युनिकेशन्सल प्रा. लिमिटेड (नोवेक्स) के द्वारा कॉपीराईट मालिकों के रूप में लाइसेंस जारी करने के अधिकारों को स्पष्ट रूप से बरकरार रखा है। 24 जनवरी 2024 को सुनाया गया यह ऐतिहासिक फैसला साइउण्ड रिकॉर्डिंग लाइसेंस के लिए मालिक के अधिकारों के दायरे पर लम्बे समय से चल रही बहस को हल करता है। इस कानूनी लड़ाई में पीपीएल की जीत, न सिर्फ हमारी बल्कि पूरे संगीत उद्योग की जीत हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट का फैसला कॉपीराईट मालिकों एवं एक्सक्लुजिव लाइसेंसियों के अधिकारों पर जोर देते हुए पीपीएल को उल्लंघन से सुरक्षा के टूल्स प्रदान करता है जो असली म्युजिक लेबल्स पर मेहनत से कमाए गए निवेश को कमजोर बनाते हैं। यह जीत संगीत उद्योग को संचालित करने वाले रचनात्मक प्रयासों के सम्मान और संरक्षण के महत्व को रेखांकित करती है, साथ ही ऐसे भविष्य के निर्माण को बढ़ावा देती है जहां कॉपीराईट्स में निवेशकों, कलाकारों और उनकी रचनाओं को महत्व दिया जाएगा और सुरक्षित रखा जाएगा। जी.बी. अय्यर, एमडी एवं सीईओ, पीपीएल ने कहा। 1941 में स्थापित पीपीएल ने 200 से अधिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ कई मामलों में जीत हासिल की है, जिनमें जाने-माने नाम जैसे सोशल, फर्जी कैफे तथा ओलिव बार एण्ड किचन शामिल हैं।

### सेक्टर 20 में खुला नया एमडीएम - लग्जरी सैलून एंड एकेडमी

**पंचकुला: पंचकुला स्थित** सेक्टर 20 में मीनाक्षी दत्त मेकओवर (एमडीएम)-लग्जरी सैलून एंड एकेडमी ने अपना नया आउटलेट खोलकर स्थानीय लोगों को ग्लैमर की एक नई और मॉडर्न सौगात पेश की है। नया खुला गया यह सैलून अपने कस्टमर्स को विश्व स्तरीय सर्विस प्रदान करेगा जिसमें हेयर स्टाइलिंग के साथ साथ ब्राइडल इंगेजमेंट, पार्टी व अन्य उपलक्ष्य के मेकअप सॉल्यूशन प्रदान किये जायेंगें। रविवार को एमडीएम की प्रबंध निदेशिका व विश्व विख्यात मेक अप आर्टिस्ट मीनाक्षी दत्त ने फ्रेचाईजी ओनर संजू झा की मौजूदगी में सैलून का उदघाटन किया । वर्तमान में एमडीएम के देश भर में पच्चीस से अधिक सैलून एंड एकेडमी आउटलेट्स हैं और कंपनी निरंतर विस्तार की ओर अग्रसर हैं। निकट भविष्य में एमडीएम ट्राईसिटी में दो और सैलून खोलने की योजना बना रहा है। पंचकुला स्थित एमडीएम सैलून एंड एकेडमी लगभग चार हजार स्केयर फीट में फैला हुआ है। सैलून में दो दर्जन से भी अधिक प्रशिक्षित स्टाफ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। लगभग ढाई दशकों का अनुभव रखने वाली मीनाक्षी दत्त अपने ग्लैमरस करियर में ऐश्वर्य राय, रवीना टंडन, बिपाशा बसु, उर्वषी रौतेला सहित फिल्मी जगत की नामचीन हस्तियों को मेकअप सोल्यूशंस प्रदान कर चुकी है।

## टैच्यू ऑफ यूनिटी की रैप्लिका स्थापित की गई

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव** 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्त-शिल्प मेले में हमारी भावी पीढ़ी सरदार वल्लभभाई पटेल के देश के लिए किए गए योगदान को जान सकें, इसके लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं। थीम स्टेट गुजरात की ओर से बड़ी चौपाल के पीछे व आपणा घर हरियाणा पैविलियन के नजदीक स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की रैप्लिका स्थापित की गई है। मेले में आने वाले पर्यटक दिनभर इसके साथ सेल्फी लेना नहीं भूल रहे। साथ ही बच्चे सरदार वल्लभ भाई पटेल के इतिहास को भी जान रहे हैं। यहां पर एकता की प्रतीक स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की रैप्लिका आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

# फरीदाबाद से अयोध्या भगवान श्री राम मन्दिर दर्शन के लिए बस सेवा का हुआ शुभारंभ

**बल्लभगढ/फरीदाबाद**
**(हरि ओम गुप्ता)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पहल पर अयोध्या के लिए हरियाणा रोडवेज की बस सुविधा शुरू की गई है। हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने रविवार को बल्लभगढ़ से हरियाणा रोडवेज बस को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या नगरी के लिए रवाना किया। इस दौरान उनके साथ विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता व अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने अयोध्या जाने वाली बस में सफर करते हुए कहा कि हरियाणा के हर जिला से अयोध्या के लिए बसों का संचालन किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जो लोग महंगे सफर की वजह से अयोध्या नहीं जा सकते थे, अब उन्हें इसके लिए सोचना नहीं पड़ेगा, क्योंकि



हरियाणा रोडवेज की बस सस्ते में अयोध्या में भगवान श्रीरामचंद्र के दर्शन करने के लिए सफर करवाएगी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा आमजन के लिए परिवहन की सुविधा को ज्यादा से ज्यादा सुविधाजनक बनाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि लोग अधिक से अधिक हरियाणा राज्य परिवहन की बसों का लाभ उठाएं। उन्होंने आमजन मानस से अपील करते हुए कहा कि हरियाणा राज्य परिवहन को देश में सभी वर्ग के लोगों को बेहतर यातायात सुविधाएं प्रदान करने का काम किया है। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा का यह एक ऐतिहासिक फैसला है कि अयोध्या के लिए बस का संचालन किया जा रहा है, जिससे जनता को सीधे हरियाणा परिवहन की बस सेवा के जरिए अयोध्या नगरी में भगवान श्री राम के दर्शन होंगे। विधायक सीमा त्रिखा ने भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच और परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा द्वारा शुरू की गई बस सुविधा के लिए उनका धन्यवाद व आभार प्रकट किया। उल्लेखनीय है कि बल्लभगढ से अयोध्या के लिए हरियाणा रोडवेज बस का एक ओर से किराया मात्र 960 रुपए प्रति टिकट है और यह बस प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे बल्लबगढ़ से अयोध्या के लिए संचालित होगी। वहीं अयोध्या के लिए सफर कर रहे यात्रियों में श्रीराम जन्म भूमि के लिए शुरू की गई हरियाणा रोडवेज की बस सुविधा से खुशी देखी गई। लोग हरियाणा सरकार के इस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए जय श्री राम के नारे लगाते हुए नजर आए। परिवहन विभाग की बस में सफर करते हुए भारत कालोनी निवासी प्यारेलाल व कौशल दीक्षित, सेक्टर-19 निवासी विजय कुमार व राजीव, बल्लबगढ़ निवासी संजू राणा ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा का जनता को राम मंदिर में राम लल्ला के दर्शन के लिए अयोध्या बस सेवा शुरू करना सनातन धर्म के लोगों के लिए सराहनीय कदम है। अयोध्या बस सेवा के शुभारंभ अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, टिपरचंद शर्मा, हर प्रसाद गौड, जगत भूरा, प्रेम खट्टर, लखन बेनीवाल, नवीन चेची, मुकेश डागर, सुषमा यादव, महाप्रबंधक लेखराज सहित शहरवासी मौजूद रहे।

# 'युवा खेलों में कड़ी मेहनत करेंगे तो सफल होने से कोई नहीं रोक सकता'

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
क्षेत्र के गांव हलालपुर में रविवार को स्व. ओलिम्पियन धर्मबीर पहलवान के जन्मदिवस पर कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल शामिल हुए। दंगल में पहलवानों की कुश्ती करवाते हुए उन्होंने खिलाडियों को खेलों के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान महाबली सतपाल पहलावन को जयभगवान आंतिल सम्मानित किया और युवाओं से सतपाल पहलावन के संघर्ष की प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने



युवाओं से खेलों में बढ-चढकर भागीदारी करने का आह्वान किया और कहा कि युवा खेलों में कड़ी मेहनत करेंगे तो उनकों सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। कुश्ती दंगल में मुख्य रूप से शामिल हुए महाबली सतपाल पहलवान को जयभगवान आंतिल ने सम्मानित किया और उनके संघर्ष को लेकर युवाओं को प्रेरणा देते हुए आंतिल ने कहा कि जिस तरह महाबली सतपाल पहलवान ने त्याग करके खुद खिलाडियों के साथ परिश्रम किया है, शायद ही कोई कर पाएगा।

## नशा तस्करी करते आरोपी को गिरफ्तार कर 310 ग्राम गांजा किया बरामद

**फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा द्वारा नशा तस्करी की वारदातों पर अंकुश लगाने के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी शीशपाल की टीम ने नशा तस्करी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम हीरा (23) है जो फरीदाबाद की संजय कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को अवैध नशे सहित काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से 310 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

# सूरजकुंड की वादियों में 18 फरवरी तक चलेगा हस्तशिल्प मेला



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** सूरजकुंड की वादियों में 2 फरवरी से आगामी 18 फरवरी तक हरियाणा सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से लगाए गए 37वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड हस्त शिल्प मेला में हर दिन प्रख्यात कलाकारों द्वारा नई-नई प्रस्तुतियां देकर पर्यटको का मनोरंजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की कला अधिकारी थिएटर तानिया जी.एस. चौहान एवं कला अधिकारी नृत्य सुमन डांगी की देखरेख में देश-विदेश के विभिन्न कलाकार अपनी गायन, नृत्य व हास्य कला शैली के माध्यम से छोटी चौपाल पर बैठे पर्यटकों का खूब मनोरंजन कर रहे हैं। छोटी चौपाल के करीब से गुजरने वाले पर्यटक लोक कलाकारों की मनहार प्रस्तुतियों को बेसुध होकर एकटक देखते हुए नजर आ रहे हैं।

छोटी चौपाल पर एक ओर जहां मालावी देश से आए कलाकारों ने अपने देश की संस्कृति को नृत्य के माध्यम से दशार्या। वहीं दूसरी ओर गुजरात प्रांत से आए कलाकारों ने डांडिया व मनिहारो रास के साथ-साथ टिपनी नृत्य की शानदान पेशकश से पर्यटकों का मन मोहा। हास्य कलाकार डा. राजीव ने अपनी हास्य कला से पर्यटकों को हसांकर लोटपोट कर दिया। हरियाणा की भगवती ग्रुप महिला लोकगीत मंडली ने सुंदर नृत्य कला का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त सिंगर सुखदास व हरेंद्र सिंह की अगुवाई में पंजाब पुलिस बैंड ने पंजाबी फोक बैंड की भव्य प्रस्तुति दी। सुखदास ने पंजीबी गीत, शालू श्रीवास्तव ने कत्थक नृत्य और आंध्रप्रदेश के कलाकारों ने गोलगू नृत्य की आउटस्टेंडिंग प्रस्तुतियां देकर पर्यटकों को थिरकने पर विवश कर दिया। छोटी चौपाल पर हो रही मनमोहक प्रस्तुतियों के दौरान इंदू कपूर व राज आर्य ने कौशलपूर्वक मंच संचालन किया।

# अनिल का मुख्यमंत्री व प्रदेशाध्यक्ष ने किया स्वागत

## अनिल भारद्वाज को भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में आने पर दिया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** पंचकुला में पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल व प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने आप छोड़कर भाजपा में शामिल होने पर अनिल भारद्वाज का पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। ज्ञात रहे कि आम आदमी पार्टी (आप) में व्यापार सैल के स्टेट वाइसप्रेसिडेंट अनिल भारद्वाज ने पिछल्ले दिनों दिल्लीमुख्यालय पर पूर्व सांसद अशोक तंवर के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भारद्वाज ने भाजपा में फिर से घर वापसी की थी। अनिल भारद्वाज सबसे पहले इनेलो पार्टी में काफी




सक्रिय रहे। इनेलो से अलग होने पर जजपा पार्टी का गठन हुआ तो उन्हें जजपा में स्टेट सचिव बनाया गया था। विधानसभा चुनाव में टिकट नही मिलने से नाराज होकर भारद्वाज ने जजपा से त्यागपत्र देकर समालखा में भाजपा जॉइन की, थोड़े समय के बाद पूर्व एमपी अशोक तंवर के आप पार्टी में आने पर भारद्वाज भी आप पार्टी में आ गए। उन्हें स्टेट वाइसप्रेसिडेंट व्यापार सैल बनाया गया था। आप से मोहभंग हुआ तो फिर से भाजपाई हो गए। पंचकुला में भारद्वाज के शामिल होने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल व प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने स्वागत कर सम्मान किया।

# पर्यटकों को खूब लुभा रहे स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
37 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्त शिल्प मेला में सरस आजीविका पविलियन में सजे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार विभिन्न उत्पाद मेला देखने आ रहे पर्यटकों को खूब लुभा रहे हैं।

ग्रामीण आजीविका मिशन महिलाओं के जीवन में बड़ा सामाजिक आर्थिक परिवर्तन ला रहा है। इस बार मेले में सभी हस्त शिल्पकार, कुशल कारीगर और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बढ़चढ़ कर भाग ले रहीं हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार का ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्रामीण क्षेत्रों की गरीब विशेषकर स्वयं सहायता समूह की



महिलाओं को स्वरोजगार से जोड? की दिशा में संकल्पबद्ध है। सरकार का वोकल फॉर लोकल के सिद्धांत को बढ़ावा देने का सपना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से साकार हो रहा है। आज महिलाएं वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करने के लिए इन समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं। मेला में हरियाणा, राजस्थान, उत्तरप्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के स्वयं सहायता समूह अपने-अपने उत्पादों के साथ स्टॉलों पर मौजूद हैं। हरियाणा राज्य की बात की जाए तो स्टॉल नंबर-221 से लेकर 224 तक लगी स्टॉलों पर समूहों द्वारा उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। पर्यटक इन स्टॉलों पर प्रत्येक वस्तु की सुगमता के साथ खरीदारी कर रहे हैं।

इस बार मेला में स्वयं सहायता समूहों द्वारा अनेक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनपर पापड़, आचार, भुजिया, दरी, चद्दरें सहित अन्य उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। यही कारण है कि आज सरकार द्वारा शुरू किए गए ग्रामीण आजीविका मिशन का दायरा बढकर हरियाणा राज्य के सभी जिलों के अंतर्गत आने वाले ब्लॉकों तक पहुंच गया है। सक्रिय रूप से महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने में मिशन कारगर साबित हो रहा है। सरस पैविलियन ग्रामीण महिला उत्पादकों को बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने का सार्थक प्रयास मिशन के नोडल अधिकारी शिवम तिवारी कहते हैं कि सरस आजीविका पैविलियन ग्रामीण महिला उत्पादकों को प्रत्यक्ष विपणन प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने का प्रयास है, ताकि ग्रामीण महिला उत्पादक बिना किसी बिचौलिए के अपने उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि मंत्रालय स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा अन्य उत्पादकों को अपने उत्पाद बेचने में प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण हाटों को प्रोत्साहित करता है।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने के लिए ऋण राशि बढ़ाकर उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है।

# हलके के होनहार खिलाडियों के लिए हर जरूरत को पूरा किया जाएगा : आंतिल

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** राई हल्के के दो गांव खेवड़ा एवं असावरपुर में एक पदक वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता एवं खेवड़ा के साथ पूर्व सरपंच संजय आंतिल ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने विजेता खिलाडियों को पुरस्कारों एवं खेल किट के साथ स्पलीमेन्ट से नवाजते हुए कहा कि जिस प्रकार प्रदेश के बेटे व बेटियां हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रहे हैं यह गर्व की बात है ।

उन्होंन कहा कि गांव खेवड़ा की बेटी काजल ने जहाँ जुड़ों में राष्ट्रीय



प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने गांव व माता पिता का नाम रोशन किया वहीं पर कुरूक्षेत्र में हुई आर्निस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गांव असावरपुर के पांच छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन पदक प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता में तीन छात्रों ने प्रथम एक छात्रा ने द्वितीय और एक छात्र में तृतीय स्थान प्राप्त किए। सभी विजेता विश्व चैंपियनशिप के लिए होने वाली स्पर्धा में हिस्सा लेंगे।

आन्तिल ने सभी खिलाडियों को भरोसा दिलाया कि होनहार खिलाड़ी को जो भी जरूरत होगी वे उसे अवश्य पूरा करेंगे।

